डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

ब्लॉक संचालन नियमावली

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर रेलवे के लिए

(केवल कार्यालय के उपयोग के लिए)

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम

2020

प्रस्तावना

ब्लॉक संचालन नियमावली में डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर पर इकहरी एवं दोहरी लाइन पर ब्लॉक संचालन से संबंधित विस्तृत निर्देश दिये गए है। इन नियमों को डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर रेलवे के साधारण और सहायक नियम (2018) एवं समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों के साथ पढ़ा जाए ।

इस नियमावली की प्रति प्रत्येक स्टेशन पर रखी जाएगी तथा ब्लॉक उपकरण संचालन से संबन्धित सभी कर्मचारियों को उल्लिखित नियमों से अच्छी तरह परिचित होना चाहिए तथा वह इन सभी नियमों के पालना के लिए जिम्मेदार होगा। इन नियमों या इन नियमों का अनुवाद या इसके किसी भाग जो रेलवे कर्मचारी के कर्तव्यों से संबंधित है , जैसा कि विशेष निर्देशों में उल्लिखित है की प्रति दी जाएगी। ब्लॉक संचालन नियमावली के हिंदी संस्करण में यदि कोई भी विसंगति पाया जाता है तो अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

ब्लॉक संचालन नियमावली में कोई भी शुद्धि पत्र जारी होगा तो संबन्धित कर्मचारी जिसे यह नियमावली प्रदान किया गया है उस पेज में संशोधित करके इसे अप-टू-डेट रखेगा। आशा की जाती है कि इस नियमावली में जिन प्रक्रियाओं और प्रथाओं की परिकल्पना की गई है, वे कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक और सुरक्षित रूप से कार्य करने में मदद करेंगे ।

नई दिल्ली,

(नन्दुरी श्रीनिवास)
निदेशक / परिचालन एवं व्यवसाय विकास

विवरणिका

नियम सं.	विवरण	पृष्ठ सं.

अध्याय I
सामान्य निर्देश

1.1	ब्लॉक संचालन नियमावली जारी करना	**1**
1.2	नियमों की जानकारी	1
1.3	परिशिष्ट और शुद्धि पत्र	1
1.4	संचालन की प्रणाली	1
1.5	इलैक्ट्रिकल ब्लॉक उपकरण का उद्देश्य	12
1.6	फिक्स्ड, हैंड, फॉग और वारनिंग सिगनल	2
1.7	ब्लॉक उपकरण (दोहरी लाइन)	2
1.8	ब्लॉक उपकरण (इकहरी लाइन)	2
1.9	उपकरणों का उपयोग	2
1.10	स्टाफ का प्रशिक्षण	2
1.11	उपकरणों एवं तारों की मरम्मत के दौरान अतिरिक्त सावधानी	2
1.12	स्टेशन मास्टर के कक्ष में प्रवेश	3

अध्याय- II
बेल सिगनल के कोड एवं गाडियों के सिगनल देने के तरीके
भाग-I

2.1	स्टेशनों के बीच गाड़ियों के सिगलनिंग के लिए बेल कोडिंग	4
2.2	कॉल अटेंसन और/अथवा अटेंड टेलीफोन	4
2.3	'अटेण्ड टेलीफोन' सिगनल	4
2.4	" क्या लाइन क्लीयर" सिगनल भेजा जाना	5
2.5	" क्या लाइन क्लीयर है" सिगनल का स्वीकार करना और "लाइन क्लीयर" सिगनल देना	5
2.6	सेक्शन में गाड़ी को रोकना	5
2.7	" आपात खतरे का सिगनल"	5
2.8	" ट्रेन सेक्शन में प्रवेश कर रही है का " सिगनल	6

2.9	" अंतिम सिगनल को रदद करें" सिगनल	6
2.10	" परीक्षण " सिगनल"	6
भाग-II		
2.11	प्राइवेट नंबर जारी करना	7
2.12	प्राइवेट नंबर शीट	7
2.13	ब्लॉक उपकरण फेल होने पर , जब लाइन क्लियर संचार के किसी अन्य साधन द्वारा प्राप्त किया जाए	8
2.14	खराब उपकरणों के सुधार के लिए उपाय	9

अध्याय -III

इकहरी लाइन पर एसएसडीएसी औरयूएफ़एसबीआई के उपयोग से एक्शल काउन्टर के साथ ब्लॉक प्रूविंग

3.1	संचालन प्रणाली	11
3.2	ब्लॉक पैनल	11
3.3	कार्यप्रणाली के सिद्धांत	11
3.4	ब्लॉक पैनल का विवरण	12
3.5	ईकेटी की शंट की (चाभी)	14
3.6	ब्लॉक टेलीफोन	14
3.7	सिंगल सेक्शन डिजीटल एक्शल काउन्टर की सदैव उपलब्धता	14
3.8	परिचालन प्रक्रिया	14
3.9	गाड़ियों की शंटिंग	20
3.10	अंतिम रोक सिंगनल तक गाड़ी की शंटिंग	20
3.11	किसी गाड़ी के पीछे शंटिंग	20
3.12	अंतिम रोक सिगनल से आगे गाड़ी की शंटिंग	21
3.13	आने वाली गाड़ी के सामने शंटिंग	21
3.14	किसी गाड़ी के पीछे शंटिंग कार्य के मामले के अलावा अंतिम रोक सिगनल से आगे गाड़ी की शंटिंग अथवा किसी आने वाली गाड़ी के सामने शंटिंग	21
3.15	ब्लॉक विफताएं	21
3.16	ब्लॉक पैनल वर्किंग/अंतिम रोक सिगनल का निलबंन	23
3.17	ब्लॉक पैनल/अंतिम रोक सिगनल की किसी विफलता की स्थिति में गाड़ियों की कार्यप्रणाली	24
3.18	शंट चाबी-की (चाभी) की विफलता के दौरान शंटिंग की प्रक्रिया	24

अध्याय-IV

दोहरी लाइन पर यूएफ़एसबीआई एवं एसएसडीएसी के उपयोग से एक्शल काउन्टर के साथ ब्लॉक प्रूविंग

4.1	संचालन प्रणाली	25
4.2	ब्लॉक पैनल	25
4.3	कार्य के सिद्धांत	25
4.4	ब्लॉक पैनल का विवरण	26
4.5	ब्लाक टेलीफोन	28
4.6	सिंगल सेक्शन डिजीटल एक्सल काउन्टर की सदैव उपलब्धता	28
4.7	परिचालन प्रक्रिया	28
4.8	गाड़ियों की शंटिंग	35
4.9	अंतिम रोक सिगनल तक ट्रेन की शंटिंग	36
4.10	किसी गाड़ी के पीछे अंतिम रोक तक शंटिंग	36
4.11	अंतिम रोक सिगनल के बाहर गाड़ी की शंटिंग	36
4.12	प्रथम रोक सिगनल के बाहर गाड़ी की शंटिंग	36
4.13	किसी आने वाली गाड़ी के सामने गाड़ी की शंटिंग	36
4.14	ब्लॉक विफलताएं	36
4.15	ब्लॉक पैनल वर्किंग / अंतिम रोक सिगनल का निलंबन	38
4.16	ब्लॉक पैनल /अंतिम रोक सिगनल का निलंबन की स्थिति में गाड़ियों का संचालन	38

अध्याय- V

नियंत्रित हस्त चालित ब्लॉक

5.1	इकहरी लाइन पर	40
5.2	दोहरी लाइन पर	40
5.3	ट्रैक सर्किट	40
5.4	एक्सल काउंटर	40
5.5	इकहरी लाइन के मामले में लाइन क्लियर संचालन	40
5.6	लाइन क्लियर रद्द करना (कैन्सल करना)	42
5.7	दोहरी लाइन के मामले में लाइन क्लियर संचालन	44

5.8	दिशा संकेतक या रेल पथ सर्किट/ एक्सल काउंटर की विफलता	44
5.9	अंतिम वाहन की जांच (लास्ट वेहिकल चेक)	45

अध्याय- VI
एक्सल काउंटर की रिसेंटिंग

6.1	औटोमेटिक ब्लॉक सेकशन में एक्सल काउन्टर की रिसेटिंग	46
6.2	ऑटो- रिसेटिंग का प्रावधान	46
6.3	मैनुअल रिसेटिंग का प्रावधान	46
6.4	एब्सोल्युट ब्लॉक सेक्शन में एक्सेल काउंटर की रिसेटिंग	46
6.5	एब्सोल्युट ब्लॉक/स्लॉट सिस्टम पर भारतीय रेलवे की कार्यप्रणाली से जुड़ी रेल लाइनों पर एक्सेल काउंटर की रिसेटिंग	46

परिशिष्ट	ट्रेन परिचालन से संबन्धित प्राधिकार पत्रों की सूची)	48
	जारी संशोधन पर्चीयों का विवरण	49

अध्याय - ।

सामान्य निर्देश

1.1 ब्लॉक वर्किंग नियमावली जारी करना:

नियम एवं विनियम की यह पुस्तिका दोहरी एवं इकहरी लाइन पर विद्युत उपकरणों के माध्यम से एब्सोल्यूट ब्लॉक सिस्टम पर चलने वाली रेलगाड़ियों के लिए है, जो निदेशक/परिचालन एवं व्यवसाय विकास, डेडीकेटिड फ्रेट कोरीडोर रेलवे के निर्देशानुसार सर्वसंबंधित के लिए जारी किया जा रहा है।

1.2 **नियमों की जानकारी:**

प्रत्येक रेलकर्मी इस पुस्तिका से अपने कार्य से संबंधित नियमों की पूर्ण जानकारी प्राप्त करेगा और स्वयं से संबंधित समस्त नियमों की जानकारी रखने और उनके अनुपालन के लिए उत्तरदायी होगा। इस पुस्तिका में लिखे गए नियम को डेडीकेटिड फ्रेट कोरीडोर रेलवे के साधारण एवं सहायक नियमों के साथ सावधानीपूर्वक पढ़ा जाए। इस नियमावली का कोई भी नियम साधारण एवं सहायक नियमों के प्रावधान का उल्लंघन नहीं करेगे।

1.3 **परिशिष्ट और शुद्धिपत्र:**

समय-समय पर जारी समस्त संशोधन अथवा शुद्धिपत्र, सही तरीके से दर्ज किए जाएंगे और इस उद्देश्यार्थ उपलब्ध पृष्ठों में दर्शाए जाएंगे।

1.4 **संचालन की पद्धति:**

डेडिकेटेड कोरीडोर रेलवे के निम्नलिखित सेक्शनों में एब्सोल्यूट ब्लॉक सिस्टम लागू है इसके अलावा अन्य सेक्शनों में आटोमैटिक ब्लॉक सिस्टम लागू है।

एब्सोल्यूट ब्लॉक सिस्टम निम्नलिखित सेक्शनों पर लागू है:

- क) पूर्वी कोरीडोर
  - i. न्यू खुर्जा-न्यू चावापायल (इकहरी लाइन)
  - ii. न्यू बोराकी-न्यू दादरी (ट्विन सिंगल लाइन)
- ख) पश्चिमी कोरीडोर
  - i. न्यू रेवाड़ी-न्यू दादरी (दोहरी लाइन)

टिप्पणी: ऐसे सेक्शन जहां आटोमैटिक एवं एब्सोल्यूट ब्लॉक सिस्टम लागू है, उनका विवरण संबंधित कोरीडोर के वर्किंग टाइम-टेबल में दर्शाया जाता है, जिसे समय-समय पर अद्यतन किया जा सकता है।

1.5 **इलेक्ट्रिकल ब्लॉक उपकरण का उद्देश्य:**

क. विद्युत ब्लॉक यंत्रों पर गाड़ियों को संकेत भेजने का उद्देश्य इन यंत्रों से संबन्धित ब्लॉक सेक्सनों की स्थिति का हर समय दृश्यमान संकेत देने और एक ही समय में दो गाड़ियों को एक ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करने से रोकने की व्यवस्था करना है।

ख. प्रत्येक यंत्र का संबंध अगले ब्लॉक स्टेशन पर स्थित ऐसे ही यंत्र से रहता है और ये दोनों यंत्र साथ-साथ काम करते हैं। ब्लॉक सेक्शन पर अप तथा डाउन दोनों दिशाओं में गाड़ियों की संचालन के लिए इन दोनों यंत्रों को प्रयोग में लाया जाता है, इस प्रकार दोनों यंत्र अगले स्टेशन को गाड़ी भेजने अथवा उससे गाड़ी लेने के काम में आते है। प्रत्येक स्टेशन उस लाइन को कंट्रोल करता है, जिस पर होकर गाड़ियों उस स्टेशन पर आती है, और वह लाइन जिस पर होकर गाड़ियों इस स्टेशन से जाती है, ब्लॉक सेक्शन के दूसरे छोर के स्टेशन से नियंत्रित होती है।

1.6 फिक्स्ड, हैंड, कोहरा और वार्निंग सिगनल:

ब्लॉक उपकरण द्वारा दिये गए संकेतों के साथ फिक्स्ड, हैंड, कोहरा और वार्निंग सिगनल के द्वारा दिये जाने वाले संकेतों का प्रयोग भी किया जा सकता है, जहां कहीं ऐसे सिगनल की आवश्यकता हो।

1.7 ब्लॉक उपकरण (दोहरी लाइन):

ये ब्लॉक उपकरण संदर्भित ब्लॉक सेक्शनों का दृश्य संकेत देने के अतिरिक्त, ऐसी लाकिंग प्रदान करते है, जिससे ब्लॉक उपकरण तब तक 'लाइन क्लोज्ड' की स्थिति में नहीं आता जब तक आने वाली गाड़ी ने ट्रैक सर्किट अथवा एक्सल काउंटर को रीसेट करते हुए सेक्शन को क्लियर न कर लिया हो।

निम्नलिखित ब्लॉक उपकरण डेडीकेटिड फ्रेट कोरीडोर रेलवे में उपयोग किए जाते हैं -

क. एसएसडीएसी एवं यूएफएसबीआई के उपयोग के साथ ब्लॉक प्रूविंग एक्सल काउंटर ।

ख. कंट्रोल्ड मैनुअल ब्लॉक

1.8 ब्लॉक उपकरण (इकहरी लाइन):

इकहरी लाइन पर निम्नलिखित ब्लॉक उपकरण-

क. एसएसडीएसी एवं यूएफएसबीआई के उपयोग के साथ ब्लॉक पैनल एक्सल काउंटर

ख. कंट्रोल्ड मैनुअल ब्लॉक

1.9 उपकरणों का उपयोग:

ब्लॉक उपकरण केवल ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर/सहायक स्टेशन मास्टर द्वारा संचालित किए जाएंगे और केवल विशेष रूप से निर्धारित नियमों एवं विनियमों के अनुरूप ही गाड़ियों के सिग्नलिंग के लिए उपयोग किया जाएगा। एक ब्लॉक स्टेशन से दूसरे ब्लॉक स्टेशन के लिए चल रही प्रत्येक गाड़ी को ब्लॉक उपकरण पर सिगनल दिया जाएगा। जब कोई ब्लॉक उपकरण चालू हालत में नहीं हो अथवा किसी अन्य समय पर, स्टेशन स्टाफ को उसके किसी हिस्से में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। ब्लॉक उपकरण को धूल, ग्रीस आदि से बचाना चाहिए और ब्लॉक उपकरण तथा बैटरी बॉक्सों पर कोई सामान नहीं रखना चाहिए।

1.10 स्टाफ का प्रशिक्षण:

जिन ब्लॉक उपकरण का प्रयोग वस्तुतः गाड़ी संचालन के लिए किया जा रहा हो, उसका प्रयोग कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए कदापि नहीं किया जाएगा।

1.11 लाइन के तारों की मरम्मत के दौरान अतिरिक्त सावधानी:

क. सिगनल एवं दूरसंचार विभाग के अलावा जब किसी अन्य वर्किंग पार्टी का कोई प्रभारी किसी स्टेशन या ब्लॉक सेक्शन में काम करना चाहे, तो उसे 'डीएफसी के सिगनल एवं दूरसंचार विभाग' को उस सेक्शन अथवा स्टेशन के बारे में सूचित करेगा जहां कार्य किया जाना हो। यह जानकारी 'डीएफसी के सिगनल एवं दूरसंचार विभाग' द्वारा संबंधित सेक्शन कंट्रोलर को दी जाएगी, जिसमें वर्किंग पार्टी के प्रभारी व्यक्ति का नाम और सही किलोमीटर संख्या बताई जाएगी, जहां कार्य किया जाना है। यह सूचना मिलने पर सेक्शन कंट्रोलर संबंधित स्टेशन को इस सूचना के बारे में बताएगा। वर्किंग पार्टी द्वारा कार्य पूरा कर लेने के बाद, 'डीएफसी के सिगनल एवं दूरसंचार विभाग' द्वारा पिछले संदेश को रद्द करने की जानकारी लिखित रूप में सेक्शन कंट्रोलर को दी जानी चाहिए।

ख. किसी बाधा या कंट्रोल की विफलता के समय जब सूचना देना संभव न हो, वर्किंग पार्टी के प्रभारी व्यक्ति द्वारा संबंधित स्टेशन मास्टर को लिखित रूप में जानकारी देनी चाहिए। स्टेशन मास्टर द्वारा अनुरक्षण के समय अतिरिक्त सावधानी और सतर्कता अपनाई जाएगी।

ऐसी जानकारी प्राप्त होने पर स्टेशन मास्टर ब्लॉक सेक्शन के दूसरे छोर के स्टेशन को सूचित करेगा कि मरम्मत कार्य के दौरान अतिरिक्त सावधानी और सतर्कता बरती जाए।

1.12 **स्टेशन मास्टर के कक्ष में प्रवेश:**

स्टेशन मास्टर के कक्ष में अनधिकृत व्यक्तियों प्रवेश पर कड़ा निषेध है। किसी भी व्यक्ति स्टेशन मास्टर कक्ष में प्रवेश नहीं करना चाहिए केवल ऐसी स्थिति को छोडकर जब उसकी नियमित ड्यूटी में ऐसा करना आवश्यक होगा।

****

अध्याय - II

भाग-I

बेल सिगनल के कोड और गाड़ियों के सिगनलिंग के तरीके

2.1 स्टेशनों के बीच गाड़ियों की सिगनलिंग के लिए बेल कोडिंग (डीएफसीआर-सा.नि. 94):

(1) गाड़ी परिचालन के दौरान संकेत देने के लिए बेल सिगनल के निर्धारित कोड, जैसा नीचे दिया गया है उपयोग में लाये जाएंगे। प्रत्येक ब्लॉक स्टेशन में ब्लॉक वर्किंग उपकरण के संचालन के निकट इसे प्रदर्शित किया जाएगा -

क्र.सं.	संकेत	सिगनल कैसे दिया गया	बीट्स की संख्या	सिगनल की पावती कैसे दें
1	कॉल अटेंशन अथवा टेलीफोन अटेंड करें	0	एक	0
2	क्या लाइन क्लियर है अथवा लाइन क्लियर होने के बारे में इनक्वायरी	00	दो	00
3	ट्रेन ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश कर रही है	000	तीन	000
4	(क) ट्रेन ब्लॉक सेक्शन से बाहर हो चुकी है	0000	चार	0000
	(ख) हटाए गए अवरोध	0000	चार	0000
5	(क) अंतिम सिगनल को रद्द करें	00000	पांच	00000
6	खतरे का आपात सिगनल। तत्काल ब्लॉक टेलीफोन अटेंड करें।	000000	छह	000000
7	परीक्षण	0000000000	दस	0000000000

टिप्पणी:

- '0' बेल के एक स्ट्रोक अथवा एक बीट को प्रदर्शित करता है,
- प्रत्येक सिगनल धीरे से और स्पष्ट तरीके से देना चाहिए।

(2) साथ ही, मद संख्या 3 और 4 के वर्णित बेल कोड का आदान-प्रदान ऐसे स्टेशनों के बीच नहीं होगा जिन पर ब्लॉक प्रूविंग एक्सल काउंटर या पूर्ण ट्रैक सर्किट, दोनों छोर के नॉन रनिंग लाइनों को छोड़कर स्टेशन के सम्पूर्ण यार्ड में की गयी हो।

(3) जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया जाए, यह अनिवार्य होगा कि अधिकृत बेल कोड का उपयोग ब्लॉक उपकरण से जुड़े टेलीफोन के साथ ब्लॉक उपकरण पर किया जाए।

2.2 कॉल अटेंशन और/अथवा अटेंड टेलीफोन (एक बीट):

यह बेल कोड 'कॉल अटेंशन' के साथ-साथ 'अटेंड टेलीफोन' सिगनल के लिए उपयोग किया जाएगा। जब कभी ब्लॉक उपकरण पर ध्यान देने का निर्देश देना आवश्यक होगा, तो 'कॉल अटेंशन' सिगनल दिया जाएगा। इस सिगनल के बाद ब्लॉक उपकरण का संचालन होगा अथवा जब किसी संचालन कार्य रोका जाना हो या आंशिक किए गए संचालन कार्य को बहाल करना पड़े तो उसके लिए ब्लॉक टेलीफोन पर अगले स्टेशन के स्टेशन मास्टर को सूचित करना होगा।

2.3 'अटेंड टेलीफोन' सिगनल (एक बीट): -

जब कोई स्टेशन मास्टर समीपवर्ती स्टेशनो के स्टेशन मास्टर को कॉल करना चाहे तो वह ब्लॉक टेलीफोन अटेंड करें, इसके लिए 'कॉल अटेंशन' सिगनल के रूप में पहले वह एक बीट देगा और उसकी पावती मिलने के बाद 'अटेंड

टेलीफोन’ सिगनल के रूप में पुनः वह एक बीट देगा। समीपवर्ती स्टेशनों के स्टेशन मास्टर एक बीट देते हुए इसकी पावती देंगे और टेलीफोन अटेंड करेंगे।

2.4 ‘क्या लाइन क्लियर है’ सिगनल देना (दो बीट):

क. अगले ब्लॉक स्टेशन को अग्रिम तौर पर ‘अटेंड टेलीफोन’ सिगनल भेजे जाने के बाद,‘क्या लाइन क्लियर है’ सिगनल की पावती उस स्टेशन को दी जाएगी।

ख. ‘क्या लाइन क्लियर है’ सिगनल तब तक नहीं भेजा जाएगा, जब तक कि अगले स्टेशन को ‘जाने वाली अंतिम गाड़ी सेक्शन से न निकल चुकी है, और इससे संबन्धित सिगनल प्राप्त नहीं हो जाता है।

2.5 ‘क्या लाइन क्लियर है’ सिगनल का स्वीकार करना और ‘लाइन क्लियर’ सिगनल देना (दो बीट):

क. यदि, ‘क्या लाइन क्लियर है’ सिगनल प्राप्त होने पर, वह शर्ते जिनके तहत ‘लाइन क्लियर’ दिया जा सकता है, का पालन होता हो, तो अगले ब्लॉक स्टेशन द्वारा निर्धारित सिगनल भेजते हुए सिगनल को स्वीकार करेंगे और उपयोग में लाये जाने वाले ब्लॉक उपकरण विशेष पर ‘लाइन क्लियर’ सिगनल संकेत भेजेंगे।

ख. ब्लॉक उपकरण की विफलता के मामले के अतिरिक्त , किसी भी गाड़ी को ब्लॉक स्टेशन छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि ब्लॉक सेक्शन के उपकरण में आगे बढ़ने के लिए ‘लाइन क्लियर’ प्रदर्शित नहीं होता हो।

ग. जब ‘लाइन क्लियर’ इस प्रकार से प्रदर्शित होता है, तो गाड़ी संचालन के लिए अंतिम रोक सिगनल को ‘ऑफ’ किया जा सकता है ताकि गाड़ी अगले स्टेशन के लिए प्रस्थान कर सके।

2.6 सेक्शन में गाड़ी को रोकना:-

क. जब किसी गाड़ी को ब्लॉक सेक्शन में रोकना आवश्यक हो, तो गाड़ी को इससे पहले के स्टेशन पर अवश्य रोका जाएगा और स्टेशन मास्टर द्वारा गार्ड/लोको पायलट को इस दिए गए ठहराव और इसके संभावित ठहराव समय के बारे में अवश्य सूचित किया जाएगा।

ख. स्टेशन मास्टर नियंत्रित क्षेत्रों में, नियंत्रक की अनुमति अवश्य प्राप्त करेगा और उसके बाद ब्लॉक सेक्शन के दूसरे छोर के स्टेशन मास्टर को गाड़ी का विवरण देगा कि - गाड़ी सेक्शन में रुकेगी एवं ठहराव का समय, की सूचना देगा।

ग. इसके बाद स्टेशन मास्टर ‘क्या लाइन क्लियर है’ सिगनल भेजेगा, यदि उसने गाड़ी के आगमन से पहले ‘लाइन क्लियर’ पहले से ही प्राप्त न की हो, ‘लाइन क्लियर’ प्राप्त करेगा।

घ. लोको पायलट और गार्ड को एक कॉशन आर्डर भी अवश्य जारी किया जायेगा जिसमें - ठहरने का किलोमीटर या किलोमीटरों संबंधी विवरण तथा समय जब सेक्शन को क्लियर हो जाना चाहिए का निर्देश रहेगा।

2.7 ‘आपात खतरे’ का सिगनल (छः बीट):

क. यदि पिछले स्टेशन से आने वाली किसी गाड़ी को रोकना आवश्यक हो तो उस स्टेशन को ‘अवरोध के खतरे’ का सिगनल दिया जाएगा, भले ही उस स्टेशन से किसी गाड़ी के लिए ‘क्या लाइन क्लियर है’ सिगनल स्वीकार किया गया हो अथवा नहीं।

ख. जो स्टेशन मास्टर ‘अवरोध के खतरे’ का सिगनल भेजता है, वह सभी फिक्स्ड सिगनल को डेंजर की स्थिति पर रखेगा ताकि अवरोध से बचाव किया जा सके।

ग. ‘अवरोध के खतरे’ का सिगनल प्राप्त करने वाले स्टेशन मास्टर को तत्काल इसकी पावती देनी होगी और गाड़ी के प्रवेश को अवरुद्ध सेक्शन में नियंत्रित करने वाले सभी फिक्स्ड सिगनल को डेंजर में

रखेंगे तथा किसी भी गाड़ी को उस स्टेशन की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी , जहां से उसने 'अवरोध के खतरे' का सिगनल मिला हो।,जब तक उसे 'अवरोध हटाया जा चुका है' सिगनल नहीं मिल जाता हो और एक नया 'क्या लाइन क्लियर है' सिगनल अगले स्टेशन द्वारा स्वीकार न कर लिया गया हो। जब भी यह आवश्यक हो कि किसी गाड़ी को सहायता के लिए अवरुद्ध सेक्शन में जाने की अनुमति देनी हो, तो उक्त गाड़ी को डीएफ़सीआर-जीआर 229 के अनुसार संचालित किया जाएगा।

घ. स्टेशन मास्टर, जिसे 'अवरोध के खतरे' का सिगनल प्राप्त होता है, उस गाड़ी को रोकेगा, जिसके लिए स्टेशन द्वारा अगले से 'क्या लाइन क्लियर है' सिगनल स्वीकार किया गया है, उसे अगले स्टेशन को 'अंतिम सिगनल को रद्द करें' सिगनल देगा जिसे अगला स्टेशन मास्टर द्वारा स्वीकार किया जाएगा। उन कारणों के निवारण पर जिसके लिए 'अवरोध के खतरे' का सिगनल दिया गया था, अगले स्टेशन द्वारा 'अवरोध हटाया जा चुका है' का सिगनल पिछले स्टेशन को दिया जाएगा और जहां संभव हो, संकेतकों को 'लाइन बंद है' की स्थिति में लाया जाएगा।

ङ. यदि स्टेशन मास्टर, जिसे 'अवरोध के खतरे' का सिगनल मिलता है, गाड़ी को रोकने में असफल रहता है तो वह तत्काल 'ट्रेन सेक्शन में प्रवेश कर गयी है' सिगनल भेजेगा और अगले स्टेशन के स्टेशन मास्टर को टेलीफोन पर भी सूचित करेगा। अगले स्टेशन का स्टेशन मास्टर तत्काल आने वाली गाड़ी को रोकने के लिए समस्त साधनों का उपयोग करेगा।

च. जब अवरोध हटाया जा चुका हो और ब्लॉक सेक्शन क्लियर हो जाता है, तो 'अवरोध हटाया जा चुका है' का सिगनल पिछले स्टेशन को अवश्य भेजा जाएगा।

2.8 'ट्रेन सेक्शन में प्रवेश कर रही है' का सिगनल (तीन बीट):

ब्लॉक स्टेशन से किसी गाड़ी के प्रस्थान पर, 'ट्रेन सेक्शन में प्रवेश कर रही है' सिगनल अगले ब्लॉक स्टेशन को भेजा जाएगा, जिसकी पावती अगले स्टेशन के स्टेशन मास्टर द्वारा दी जाएगी।

2.9 'अंतिम सिगनल को रद्द करें' सिगनल (पाँच बीट):

यह सिगनल पिछले सिगनल को रद्द करने के लिए भेजा जाएगा अथवा जब पिछले सिगनल में बदलाव किया जाना हो। इस सिगनल को भेजने से पहले, स्टेशन मास्टर ब्लॉक टेलीफोन पर संबंधित स्टेशन के स्टेशन मास्टर प्राइवेट नंबरों का आदान-प्रदान करते हुए परिस्थितियों के बारे में अवगत कराएगा। अंतिम रोक सिगनल, को यदि 'ऑफ' कर दिया गया हो, तो उसके सिगनल बटन को तथा कंट्रोलिंग स्लाइड, यदि कोई हो, को सामान्य स्थिति में लाया जाएगा। दोनों स्टेशन मास्टर नोट करेंगे कि वह कौन सी आवश्यकता है जिसके लिए सिगनल का रद्दीकरण करना आवश्यक है तथा साथ ही साथ वे ट्रेन सिगनल रजिस्टर में प्राइवेट नंबरों का आदान-प्रदान करेंगे।

2.10 'परीक्षण सिगनल' (दस बीट):

यह सिगनल केवल ब्लॉक उपकरण के परीक्षण के लिए उपयोग में लाया जाएगा और हर बार प्राप्त बीट की सही प्रकार से दुहराकर पावती दी जाएगी। परीक्षण केवल तभी किया जाएगा जब ब्लॉक उपकरण 'लाइन बंद है' की स्थिति में होंगे।

भाग-॥

2.11 प्राइवेट नंबर जारी करना:

क. लाइन क्लियर देने वाले स्टेशन मास्टर के द्‌वारा प्रत्येक 'लाइन क्लियर' संदेश एक प्राइवेट नंबर के साथ दिया जाएगा।

ख. प्राइवेट नंबर 'लाइन क्लियर' संदेश का हिस्सा होगा और लाइन क्लियर देते समय अंत में इसका प्रयोग किया जाएगा। जब भी प्राइवेट नंबर दिया जाता है अथवा आदान-प्रदान किया जाता है, यह एक संख्या के रूप में जैसे 28, दिया जाएगा और दो आठ भी कहा जाएगा। प्राप्त करने वाला स्टेशन उस संख्या को दुहराते हुए नंबर भेजने वाले स्टेशन को यह आश्वासन देगा कि प्राइवेट नंबर सही तरीके से समझ लिया है।

ग. 'लाइन क्लियर' देते समय दिया गया प्राइवेट नंबर, यदि बाद में रद्‌द किया जाता है, उसे दोबारा नहीं दिया जाएगा। प्रत्येक 'लाइन क्लियर' के लिए एक नया प्राइवेट नंबर दिया जाएगा।

घ. प्राइवेट नंबर की प्रविष्टि यह प्रमाणित करने के लिए की जाएगी कि ड्‌यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर द्‌वारा 'लाइन क्लियर' का संदेश दिया जा चुका है।

ङ. सभी जारी और प्राप्त प्राइवेट नंबरों का रिकार्ड ट्रेन सिगनल रजिस्टर में अवश्य दर्ज किया जाएगा।

च. जब प्राइवेट नंबर का उपयोग कर लिया गया हो, तो स्याही से एक टेढ़ी रेखा उस संख्या के ऊपर खींची जानी चाहिए। टेढ़ी रेखा खींचते समय ध्यान रखा जाना चाहिए कि रद्‌द किए गए नंबर अस्पष्ट अथवा धुंधले नहीं होने चाहिए। गाड़ी संख्या जिसके लिए प्राइवेट नंबर का उपयोग किया जाता है, स्टेशन मास्टर/सहायक स्टेशन मास्टर इस उद्‌देश्य के लिए उपलब्ध कॉलम में इसकी प्रविष्टि अवश्य करेगा।

छ. कार्य प्रभार लेने के बाद, स्टेशन मास्टर/सहायक स्टेशन मास्टर द्‌वारा अंतिम जारी प्राइवेट नंबर के नीचे एक क्षैतिज लाइन डाली जानी चाहिए और इस प्रकार दिनांक और कार्य के घंटे दर्ज किए जाने चाहिए।

उदाहरण के लिए-

दिनांक 12.06.2019
ड्‌यूटी 00-08
BE/N डा.
FD/N डा.

____

दिनांक 12.06.2019
ड्‌यूटी 08-16
LDH/N अप
MD/N अप

____

दिनांक 12-06-2019
ड्‌यूटी 16-24

2.12 प्राइवेट नंबर शीट:-

क. प्राइवेट नंबर शीट डीएफसी के उप महाप्रबंधक/परिचालन एवं संरक्षा अथवा परिचालन विभाग के समकक्ष अधिकारी द्‌वारा सप्लाई की जाएंगी। समान सीरीज (श्रृंखला) वाली प्राइवेट नंबर शीट समीपवर्ती स्टेशनों को जारी नहीं किया जाएगा, अर्थात्‌ यदि स्टेशन 'वाई' को ए सीरीज की सप्लाई की जाती है, तो एक तरफ के स्टेशन 'एक्स' को क्रमशः भिन्न सीरीज की और स्टेशन 'जेड' को दुसरे साइड भिन्न सीरीज

की आपूर्ति की जाएगी। एक ही स्टेशन को लगातार समान सीरीज वाली प्राइवेट नंबर शीटें भी जारी नहीं की जानी चाहिए।

ख. प्रत्येक स्टेशन अथवा ब्लॉक केबिन के उपयोग के लिए एक बार में केवल एक प्राइवेट नंबर वाली शीट की आपूर्ति की जाएगी और जब ये उपयोग में नहीं हो, तो इन्हें ताले में बंद रखा जाएगा और उसकी चाबी स्टेशन मास्टर के पास रहेगी। इनक्वायरी अथवा निरीक्षण के उद्देश्य से किसी प्राधिकृत अधिकारी के अलावा अन्य किसी व्यक्ति की इस तक पहुँच की अनुमति नहीं होगी। जब इसका उपयोग हो रहा हो, तो यह ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर की व्यक्तिगत अभिरक्षा में रहेगा।

ग. जब उपयोग होने वाली प्राइवेट नंबर शीट समाप्त होने की स्थिति में हों, तो स्टेशन मास्टर द्वारा उप महाप्रबंधक / परिचालन एवं संरक्षा से एक नए शीट का अनुरोध किया जाएगा। यदि किसी कारणवश नई प्राइवेट नंबर शीट उपलब्ध नहीं हो पाये तब, और उपयोग हो रहा प्राइवेट नंबर समाप्त हो चुका हो, तो स्टेशन मास्टर प्रिंटेड शीट के अनुसार ही हस्तलिखित शीट स्वयं के नंबर भरकर बनाएगा (जिसके लिए समाप्त हो चुकी शीटों के क्रमांक और सीरीज के पालन की आवश्यकता नहीं है) और नया प्राइवेट नंबर शीट मिल जाने पर हस्तलिखित शीट तत्काल रद्द कर दी जानी चाहिए तथा इसके उपयोग के स्पष्टीकरण के साथ रिकार्ड के लिए उसे कॉरीडोर कार्यालय में भेजा जाना चाहिए।

घ. यदि किसी कारणवश ऐसा हो कि किसी मिसप्रिंट अथवा एक सीरीज से दूसरी में बदलाव के कारण कोई प्राइवेट नंबर वही हो, जैसा पीछे जारी किया जा चुका हो, तो जारी करने वाला स्टेशन उस नंबर को अपनी शीट में रद्द करेगा और, यह टिप्पणी जोड़ेगा 'पिछले प्राइवेट नंबर के समान' तथा उस पर हस्ताक्षर करेंगे और नया भिन्न नंबर जारी करेगा। यदि नंबरों के डुप्लीकेट होने का पता लगने से पहले संदेश पूरा हो चुका है, तो इसे रद्द किया जाएगा और एक नया नंबर और भिन्न प्राइवेट नंबर पूरी तरह दोबारा लिखा जाएगा।

2.13 ब्लॉक उपकरण फेल होने पर, जब लाइन क्लियर संचार के किसी अन्य साधन द्वारा प्राप्त किया जाए (डीएफ़सीआर-जीआर नियम 90):

निम्नलिखित क्रियाएँ अपनाई जाएगी:

(क) दोनों स्टेशन मास्टर प्राइवेट नंबरों का सत्यापन करते हुए यह पुष्टि करने के बाद कि ये प्राइवेट नंबर उक्त दोनों स्टेशनों के बीच ट्रेन सिगनल रजिस्टर के अनुसार पिछली तीन गाड़ियों के लिए समय का उल्लेख करते हुए जारी/प्राप्त किए जा चुके हैं।इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित ब्लॉक सेक्शन क्लियर है और किसी गाड़ी के लिए लाइन क्लियर दिया जा सकता है।

(ख) अगले स्टेशन द्वारा लाइन क्लियर देने की शर्तें पूरी होने की संतुष्टि के बाद नियंत्रक लाइन क्लियर के लिए अगले स्टेशन मास्टर का नाम और प्राइवेट नंबर लेगा तथा कंट्रोल चार्ट के टिप्पणी वाले कॉलम में उसका विवरण दर्ज करेगा। इसके बाद वह पिछले स्टेशन को कॉल करते हुए लाइन क्लियर के लिए अगले स्टेशन का प्राइवेट नंबर बताने के साथ अपना नाम और कंट्रोल नंबर बताएगा और गाड़ी को प्रस्थान की अनुमति देगा।

(ग) नियंत्रक से उपरोक्त सूचना प्राप्त होने पर (जिसमें उसका नाम और कंट्रोल ऑर्डर नंबर तथा अगले स्टेशन द्वारा जारी प्राइवेट नंबर होगा) स्टेशन मास्टर आवश्यक प्राधिकार जारी करेगा और गाड़ी के प्रस्थान के लिए संबंधित सिगनल को 'ऑफ' करेगा।

(घ) स्टेशन मास्टर कंट्रोलर का नाम और कंट्रोल ऑर्डर नंबर और प्राप्त प्राइवेट नंबर के विवरण ट्रेन सिगनल रजिस्टर में दर्ज करेगा और, जैसा मामला हो, लाइन क्लियर फॉर्म 2 में दर्ज करेगा।

टिप्पणी:
दोनों स्टेशनों के ट्रेन सिगनल रजिस्टर में इस आशय की प्रविष्टि की जाएगी कि टेलीफोन से जुड़े ब्लॉक उपकरण/स्टेशन से स्टेशन फिक्स्ड टेलीफोन/फ़िक्स्ड लैंड लाइन फोन/कंट्रोल टेलीफोन/ विशेष अनुदेशों के अनुसार संचार के किसी दूसरे प्राधिकृत सुरक्षित माध्यम द्वारा "लाइन क्लियर" मांगी गई थी अथवा प्रदान की गई थी।

जब कभी भी संचार के किसी माध्यम का उपयोग करना हो तो इनका उपयोग उपरोक्त वरियता क्रम के आधार पर करना चाहिए।

(ङ) वशर्ते यदि ब्लॉक इन्स्ट्रुमेंट का सिर्फ ब्लॉक टेलीफ़ोन खराब हो और ब्लॉक इन्स्ट्रुमेंट खराब नहीं हो तो दोनों तरफ के स्टेशन मास्टर लाइन क्लियर का आदान-प्रदान ब्लॉक इन्स्ट्रुमेंट पर जारी रखेंगे और बातचीत करने के लिए किसी अन्य माध्यम का उपयोग वरियता क्रम के आधार पर करेंगे। ब्लॉक इन्स्ट्रुमेंट को किस परिस्थिति में खराब माना जाएगा इसका विवरण डीएफ़सीआर-जीआर नियम 217 में दिया गया है।

(च) बाद में ब्लॉक इन्स्ट्रुमेंट को फिर से उपयोग में लाने से पहले जैसे ही अंतिम गाड़ी जिसके लिए विद्युतीय संचार इन्स्ट्रुमेंट पर लाइन क्लियर प्राप्त किया गया था, पूर्णतः अगले ब्लॉक स्टेशन पर पहुँच जाती है तो अगला स्टेशन मास्टर 'ट्रेन आउट ऑफ सेक्शन सिगनल' पिछले स्टेशन मास्टर को प्राइवेट नंबर के साथ देगा तब ब्लॉक सिगनलिंग का संचालन पहले की तरह शुरू कर दिया जाएगा।

2.14 खराब उपकरणों के सुधार के लिए उपाय:

(क) जब कभी ब्लॉक उपकरण काम नहीं कर रहे हों, तो स्टेशन मास्टर को सिगनल एवं दूरसंचार अधिकारियों को अवश्य लिखित में सूचित किया जाएगा और उसका रिकार्ड रखा जाएगा।

(ख) जब कोई ब्लॉक उपकरण विफल हो जाता है अथवा खराब हो जाता है, तो उसका दोबारा उपयोग नहीं किया जाएगा , जब तक सिगनल एवं दूरसंचार अधिकारियों द्वारा इसे वापस उपयोग के लिए प्रमाणित न कर दिया जाए कि उक्त उपकरण चालू हालत में है, वह इस संबंध में ट्रेन सिगनल रजिस्टर और एसएंडटी विफलता रजिस्टर में निम्नानुसार टिप्पणी देगा और उस पर हस्ताक्षर करेगा:-

'ब्लॉक सेक्शन पर खराबी_____________ ठीक कर दी गई है और ब्लॉक उपकरण का परीक्षण किया गया है और अब _____________ बजे से यह अच्छी चालू हालत में है।'

(ग) संबंधित सेक्शन के एसएंडटी अधिकारियों और कंट्रोल में तैनात सेक्शन कंट्रोलर एवं एसएंडटी अधिकारियों को निम्नानुसार सूचना दी जाएगी:-

_____________________________________ *स्टेशन के साथ टोकन रहित संचालन* ____________________________________ *के कारणवश निलंबित की जाती है* ______________________ *गाड़ी पेपर लाइन क्लियर पर कार्य करेगी।*

उपरोक्त संदेश में, स्टेशन मास्टर जहां तक संभव हो, विफलता के कारणों का उल्लेख करेगा।

(घ) यह सूचना प्राप्त करने वाला स्टेशन मास्टर कि ब्लॉक वर्किंग निलंबित की गई है, इसे रिपीट करते हुए संदेश की पावती देगा और अपने ट्रेन सिगनल रजिस्टर में उसे दर्ज करेगा।

(ङ) जब विफलता में सुधार हो जाए और ब्लॉक विफलता रजिस्टर में इस आशय की प्रविष्टि ब्लॉक अनुरक्षण स्टाफ द्वारा कर ली जाए तो स्टेशन मास्टर रजिस्टर में इस प्रविष्टि पर अपने प्रतिहस्ताक्षर करेगा।

(च) जब ब्लॉक सेक्शन में कोई गाड़ी हो तो ब्लॉक वर्किंग लागू नहीं की जाएगी।

(छ) ब्लॉक वर्किंग लागू करने से पहले उस स्टेशन का स्टेशन मास्टर, जहां उपकरण में खराबी आई थी, सेक्शन के दूसरे छोर के स्टेशन को कंट्रोल फोन/संचार के अन्य उपलब्ध अधिकृत माध्यम के द्वारा, जहां उपलब्ध हो, इस आशय की सूचना देगा, और उसकी पावती लेगा। वह दूसरे छोर के स्टेशन मास्टर से प्रेक्टिस लाइन क्लियर का आदान-प्रदान भी करेगा। स्टेशन मास्टर प्रेक्टिस लाइन क्लियर एक लाइन क्लियर की तरह लेगा और फिर लाइन क्लियर रद्द करेगा।

(ज) यह सूचना प्राप्त करने वाला स्टेशन मास्टर, कि ब्लॉक वर्किंग लागू हो गई है, इसे रिपीट करते हुए संदेश की पावती देगा और अपने ट्रेन सिगनल रजिस्टर में उसे दर्ज करेगा।

(झ) जब ब्लॉक उपकरण पुनः उपयोग में लिए जाएंगे, तो उससे संबन्धित जारी सूचना उस स्टेशन मास्टर द्वारा रद्द की जाएगी, जिसने ब्लॉक उपकरण विफलता की रिपोर्ट की थी।

****

अध्याय - III

इकहरी लाइन पर एसएसडीएसी एवं यूएफएसबीआई द्वारा एक्सल काउंटर के साथ ब्लॉक प्रूविंग

3.1 यह कार्यप्रणाली इकहरी लाइन पूर्ण ब्लॉक सेक्शन क्षेत्र में लागू होती है। इकहरी लाइन ब्लॉक सेक्शन पर एक ब्लॉक स्टेशन से दूसरे पर गाड़ियों के संचालन को नियंत्रित करने के लिए इसको उपयोग में लाया जाता है।

3.2 ब्लॉक पैनल:

ब्लॉक पैनल का उपयोग इकहरी लाइन ब्लॉक सेक्शन पर एक ब्लॉक स्टेशन से दूसरे ब्लॉक स्टेशन पर गाड़ियों को नियंत्रित करने और संचालित करने के लिए किया जाता है। ब्लॉक पैनल पर , पुश बटन, की, काउंटर और बज़र इंडीकेशन उपलब्ध होते हैं जिनमे ऑडियो विज़ुअल संकेत और अलार्म दिए गए हैं, इनके माध्यम से ब्लॉक सेक्शन में गाड़ियों की आवाजाही में सुविधा मिलती है।



ब्लॉक पैनल के साथ लगा ब्लॉक टेलीफोन (इकहरी लाइन) ब्लॉक पैनल फेस प्लेट (इकहरी लाइन)

3.3 कार्यप्रणाली के सिद्धांत:

(i) रेलगाड़ियां पूर्ण ब्लॉक पद्धयती (एब्सोल्यूट ब्लॉक सिस्टम) पर संचालित होती हैं।

(ii) प्रत्येक ब्लॉक सेक्शन पर एक एक्सल काउंटर उपलब्ध कराया जाता है जिससे ब्लॉक सेक्शन के ओक्कुपाईड (भरा) होने अथवा क्लियर होने का पता लग सके, जिनका संकेत ब्लॉक पैनल पर मिलता है।

(iii) जब तक अगले स्टेशन से "लाइन क्लियर" प्राप्त नहीं हो जाए, अंतिम रोक सिगनल को 'ऑफ' करना संभव नहीं होता है।

(iv) जब तक ब्लॉक सेक्शन अर्थात लाइन न केवल अगले स्टेशन के प्रथम रोक सिगनल तक बल्कि उसके आगे की पर्याप्त दूरी तक गाड़ियां के लिए साफ नहीं हों, "लाइन क्लियर" प्राप्त करना संभव नहीं होता है।

(v) गाड़ी के ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करते ही अंतिम रोक सिगनल स्वतः 'ऑन' हो जाता है। अंतिम रोक सिगनल को तब तक ऑन स्थिति में रखा जाता है जब तक कि ब्लॉक पैनल के माध्यम से फिर से नया "लाइन क्लियर" प्राप्त न कर लिया गया हो।

(vi) जब कोई गाड़ी "लाइन क्लियर" मिलने पर ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करती है, तो ब्लॉक पैनल पर ब्लॉक सेक्शन स्वतः "ट्रेन ऑन लाइन" दर्शाता है।

(vii) गाड़ी के ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करने पर /निकलने पर ऑडियो - विज़ुअल अलार्म की व्यवस्था है, और इसकी पावती दी जानी होती है।

(viii) गाड़ी के पूर्ण रूप से आगमन होने पर इसमें स्वतः "लाइन क्लोज" की सुविधा है।

(ix) गाड़ी प्राप्ति वाले स्टेशन की सहमति के बिना "लाइन क्लियर" नहीं लिया जा सकता।

(x) “लाइन क्लियर” का निरस्तीकरण आपसी सहयोग से होता है।

3.4 ब्लॉक पैनल का विवरण:

ब्लॉक पैनल जोड़ी में समीपवर्ती स्टेशनों के बीच एक सैट के रूप में कार्य करता है। ब्लॉक पैनल के विभिन्न हिस्से और उनके कार्य इस प्रकार हैं:-

(अ) संकेत:

क. “लाइन बंद है” संकेत (पीला): यह दर्शाने के लिए इस संकेत की व्यवस्था है कि ब्लॉक सेक्शन मे कोई वाहन नहीं हैं और गाड़ी की प्राप्ति/प्रेषण वाले स्टेशन पर क्रमशः “लाइन क्लियर” नहीं दिया गया है/प्राप्त किया गया है। डायरेक्शनल एरोहैड्स के बीच इसकी व्यवस्था एक सर्कुलर संकेत के रूप में की जाती है।

ख. “ट्रेन आ रही है” संकेत (हरा): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि पिछले स्टेशन द्वारा “लाइन क्लियर” दिया जा चुका है। यह संकेत फ्लैश करता है, जब गाड़ी का आगमन प्राप्ति वाले स्टेशन पर हो जाता है तथा ब्लॉक सेक्शन क्लियर हो गया है, किंतु संबंधित सिगनल और उसके कंट्रोल वापस सामान्य स्थिति में नहीं किए गए हों। किसी छोर के स्टेशन पर शंट रिलीज-की को अनजाने में “इन” में इंसर्ट नहीं किया गया हो। यह तब भी फ्लैश करता है जब किसी गाड़ी के ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश से पहले “लाइन क्लियर” को रद्द किया जाता है। यह एरोहैड इंडीकेशन के रूप में उपलब्ध होता है, जो गाड़ी की प्राप्ति वाले स्टेशन पर आने वाले यातायात के लिए नीचे की ओर संकेत करता है और टीसीएफ नामक एक आयताकार संकेत प्रदर्शित करता है।

ग. “ट्रेन को जा रही है” संकेत (हरा): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि , “लाइन क्लियर” प्राप्त कर लिया गया है। इस संकेत के फ्लैश करने का कारण यह है कि गाड़ी के आगमन के बाद ब्लॉक सेक्शन क्लियर हो चुका हो, किंतु संबन्धित सिगनल और उनके कंट्रोल वापस सामान्य अवस्था में नहीं किए गए हों अथवा किसी छोर (एंड) के स्टेशन पर अनजाने में शंट रिलीज-की को “इन” में इंसर्ट किया गया हो। यह तब भी फ्लैश करता है जब किसी गाड़ी के ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश से पहले “लाइन क्लियर” को रद्द किया जाता है। यह एरोहैड इंडीकेशन के रूप में उपलब्ध होता है, जो गाड़ी की प्राप्ति वाले स्टेशन पर आने वाले यातायात के लिए ऊपर की ओर संकेत करता है और टीजीटी नामक एक आयताकार संकेत प्रदर्शित करता है।

घ. “टीओएल” संकेत (लाल): यह संकेत यह दर्शाने के लिए है कि गाड़ी “लाइन क्लियर” मिलने के बाद ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश कर चुकी है। यह एरोहैड के रूप में और आयताकार संकेत के रूप में उपलब्ध होता है, जिसे टीओएल (ट्रेन ऑन लाइन) कहा जाता है, जो गाड़ियों के प्राप्ति और प्रेषण करने वाले दोनों स्टेशनों पर आने और जाने वाले यातायात के लिए क्रमशः नीचे या ऊपर की ओर संकेत करता है।

ङ. “कैंसल को-ऑप” संकेत (पीला): यह संकेत यह दर्शाने के लिए है कि एक स्टेशन द्वारा दूसरे छोर के स्टेशन के साथ “लाइन क्लियर” के निरस्तीकरण में सहयोग के लिए किया जाता है।

च. “कैंसल” संकेत (पीला): यह संकेत दर्शाने के लिए फ्लैश करता है कि “लाइन क्लियर” का रद्दीकरण किया जा रहा है और यह 120 सेकंड तक कायम रहेगा। इसके बाद जब तक लाइन बंद (क्लोज) नहीं हो जाती यह स्थिर रहेगा।

छ. “एसएनके” संकेत (पीला): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि सभी सिगनल और उनके कंट्रोल ऑन/सामान्य स्थिति में हैं। यह टीजीटी डायरेक्शनल एरोहैड के समीप उपलब्ध होता है।

ज. “एसएनओईके” संकेत (पीला): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि दूसरे छोर पर अंतिम रोक सिगनल और इसके कंट्रोल ऑन/सामान्य स्थिति में हैं, शंट रिलीज-की “आउट” पोजिशन में है और “ईकेटी” की शंट-की “इन” पोजिशन में है। यह टीसीएफ डायरेक्शनल एरोहैड के समीप उपलब्ध होती है।

झ. “अंतिम रोक सिगनल” संकेत (लाल): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि अंतिम रोक सिगनल “ऑन” स्थिति में है। सिगनल के मोनोग्राम में यह उपलब्ध होता है।

ञ. “अंतिम रोक सिगनल” संकेत (हरा): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि अंतिम रोक सिगनल “ऑफ” स्थिति में है। सिगनल के मोनोग्राम में यह उपलब्ध होता है।

ट. “लाइन फ्री” संकेत (हरा): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि ब्लॉक सेक्शन में कोई गाड़ी नहीं है। यह टीसीएफ (ट्रेन कमिंग फ्रोम) एरोहैड के समीप उपलब्ध होता है।

ठ. “लाइन व्यस्त है” संकेत (लाल): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि गाड़ी ब्लॉक सेक्शन में है अथवा एक्सल काउंटर की विफलता है। यह टीसीएफ एरोहैड के समीप उपलब्ध होता है।

ड. “शंट-की” संकेत (लाल): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि ईकेटी की शंट-की “आउट” है अथवा शंट रिलीज-की “इन” स्थिति में है। यह टीजीटी एरोहैड के समीप उपलब्ध होता है।

ढ. “शंट-की” संकेत (हरा): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि ईकेटी की शंट-की “इन” अथवा शंट रिलीज-की “आउट” स्थिति में है। यह टीजीटी एरोहैड के समीप उपलब्ध होता है।

ण. “एसीकेएन” संकेत (पीला): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि सेक्शन बज़र ऑन स्थिति में है। यह एसीकेएन बटन के समीप उपलब्ध होता है।

त. “एमयूएक्स / यूएफएसबीआई स्टेटस ओके” संकेत (हरा): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि यूएफएसबीआई चालू हालत में है।

थ. “एमयूएक्स / यूएफएसबीआई स्टेटस फेल” संकेत (लाल): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि यूएफएसबीआई विफलता की स्थिति में है।

द. “कम्यूनिकेशन लिंक फेल” संकेत (पीला): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि कम्यूनिकेशन लिंक विफल है। जब लिंक विफल हो तो यह स्थिर पीला रहता है अन्यथा अस्थाई पीला चमकता है।

ध. “स्टेशन मास्टर की चाबी इन स्थिति में” संकेत (हरा): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि स्टेशन मास्टर की चाबी ‘इन’ स्थिति में है।

(आ) पुश बटन एवं चाबियां:

क. “बेल” बटन (काला): यह कई कार्य करता है।

(i) ब्लॉक सेक्शन के दूसरे छोर के स्टेशन को कॉल अटेंशन एवं बेल कोड ट्रांसमिट करने का कार्य।

(ii) “ट्रेन को जा रही है” बटन के साथ दबाए जाने पर लाइन क्लियर लेने का कार्य।

(iii) कैंसल बटन के साथ दबाए जाने पर लाइन क्लियर को रद्द करने का कार्य।

ख. “गाड़ी को जा रही है” बटन (लाल): यह बटन “लाइन क्लियर” प्राप्त करने के लिए दिया गया है, जब इस पुश बटन को बेल” बटन के साथ दबाया जाता है।

ग. “एसीकेएन” बटन (काला): यह पुश बटन गाड़ी के ब्लॉक सेक्शन में रहने/क्लियर होने पर ऑडियो विज़ुअल संकेतों की पावती के लिए दिया गया है। यह बटन ‘सेक्शन भरा/क्लियर’ बज़र को शांत करता है।

घ. “कैंसल को-ऑप” बटन (हरा): गाड़ी भेजने वाले स्टेशन से गाड़ी प्राप्त करने वाले स्टेशन को “लाइन क्लियर” रद्द करने में सहयोग के लिए यह पुश बटन दिया गया है।

ङ. “कैंसल” बटन (पीला): निम्नलिखित शर्तों के तहत “लाइन क्लियर” को रद्द करने हेतु “बेल” बटन के साथ दबाए जाने के लिए पुश बटन की व्यवस्था है: -

(i) गाड़ी ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश नहीं किया हो एवं लाइन क्लियर रद्द करना हो।

(ii) पूरी गाड़ी को भेजने वाले स्टेशन पर पूश बैक किया गया हो।

च. “स्टेशन मास्टर की” चाबी: जब चाबी बाहर हो तो निम्नलिखित कार्य नहीं हो सकते: -

(i) बेल कोड का ट्रांसमिशन।

(ii) ‘क्या लाइन क्लियर है’ की इन्क्वायरी अनुरोध का ट्रांसमिशन।

(iii) लाइन क्लियर का रद्दीकरण।

छ. "शंट रिलीज" चाबी: शंट रिलीज-की सामान्यतः आउट होती है। शंट-की को बाहर निकालने के लिए, शंट रिलीज-की (चाभी) "इन" स्थिति में होनी चाहिए। जब शंट रिलीज-की इन स्थिति में हो, तो निम्नलिखित कार्य संभव नहीं होते: -

(i) "लाइन क्लियर" प्राप्त करना।

(ii) दूसरे स्टेशन से "लाइन क्लियर" लेना।

(iii) ब्लॉक सेक्शन को बंद करना।

(iv) "अंतिम रोक सिगनल" को ऑफ करना।

ज. "स्टेशन मास्टर की बैक कवर लॉक"-चाभी : स्टेशन मास्टर/सहायक स्टेशन मास्टर द्वारा बैक कवर को ओपन अथवा लॉक करने के लिए, जब सिगनल स्टाफ को अनुरक्षण अथवा मरम्मत कार्यों के लिए इसकी आवश्यकता पड़ती है।

झ. "मेन्टेनर की बैक कवर लॉक" चाभी : अधिकृत सिगनल स्टाफ द्वारा अनुरक्षण अथवा मरम्मत कार्यों के लिए आवश्यकता पड़ने पर बैक कवर को ओपन अथवा लॉक करने के लिए , इसके साथ जैसा उपरोक्त पैरा (ज) में दिया गया है, स्टेशन मास्टर की बैक कवर लॉक-चाभी भी लगाया जाएगा।

(इ) काउंटर एवं बज़र:

क. काउंटर: "लाइन क्लियर" रद्दीकरण को दर्ज करने के लिए काउंटर दिया गया है।

ख. बज़र: दूसरे छोर के स्टेशन मास्टर द्वारा भेजी गई कॉल अटेंशन के लिए एवं गाड़ी द्वारा लाइन भरा होने अथवा क्लियर होने पर दर्ज करने के लिए ऑडियो अलार्म दिया गया है।

3.5 ईकेटी की शंट-चाभी:

स्टेशन मास्टर के ब्लॉक पैनल पर इसकी व्यवस्था होती है जिसका उपयोग शंटिंग प्राधिकार के रूप में किया जाता हैं। इस ट्रांसमीटर की चाबी सामान्यतः 'इन' स्थिति में होती है और किसी गाड़ी के लोको पायलट के लिए वास्तविक (टेंजिबल) प्राधिकार का काम करती है, ताकि वह विरुद्ध दिशा के पहले रोक सिगनल (FSS) तक शंटिंग कर सके। जब "शंट रिलीज-चाभी " 'इन' स्थिति में रखी जाती है, तो शंट-चाभी रिलीज हो जाती है।

3.6 ब्लॉक टेलीफोन:

यह ब्लॉक सेक्शन के दूसरे छोर के स्टेशन मास्टर से बातचीत करने के लिए दिया गया है। प्रत्येक ब्लॉक सेक्शन के लिए अलग ब्लॉक टेलीफोन दिया जाता है।

3.7 सिंगल सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर की सदैव उपलब्धता:

यह ब्लॉक सेक्शन में गाड़ियों के सत्यापन के साथ ही साथ अंतिम वाहन के सत्यापन के लिए दिया गया है।

3.8 संचालन प्रक्रिया:-

(क) दो स्टेशनों के बीच किसी गाड़ी को भेजने एवं प्राप्त करने के लिए संचालन का क्रम:-

यदि ब्लॉक सेक्शन क्लियर हो और दोनों स्टेशनों के ब्लॉक पैनलों पर '"लाइन बंद है" संकेत प्रदर्शित होता है, तो गाड़ी भेजने वाले स्टेशन के स्टेशन मास्टर द्वारा निम्नानुसार कार्रवाई की जाती है:-

भेजने वाले स्टेशन पर	**प्राप्ति वाले स्टेशन पर**
"लाइन बंद है" स्थिति में – निम्नलिखित संकेत चालू रहेंगे:	***लाइन बंद है" स्थिति में – निम्नलिखित संकेत चालू रहेंगे :***

"लाइन बंद है" - पीला, एसएनके-पीला, एसएनओईके-पीला, लाइन फ्री-हरा, शंट-की - हरा, अंतिम रोक सिगनल - लाल, बीआई ओके - हरा, कम्यूनिकेशन लिंक फेल - ऑफ		***"लाइन बंद है" -पीला, एसएनके- पीला, एसएनओईके-पीला, लाइन फ्री- हरा, शंट-की- हरा, अंतिम रोक सिगनल - लाल, बीआई ओके - हरा, कम्यूनिकेशन लिंक फेल - ऑफ***	
1	भेजने वाले स्टेशन मास्टर स्टेशन मास्टर-की इंसर्ट करता है और इन पोजिशन मे घुमाता है। स्टेशन मास्टर-की - हरा।		
2.	स्टेशन मास्टर 'बेल' बटन द्वारा गाड़ी प्राप्ति वाले स्टेशन को 'कॉल अटेंशन' सिगनल भेजता है।	3.	प्राप्ति वाले स्टेशन पर स्टेशन मास्टर-की इंसर्ट करता है और इन पोजिशन में घुमाता है। स्टेशन मास्टर 'बेल' बटन दबाकर पावती देता है और टेलीफोन अटेंड करता है।
4.	स्टेशन मास्टर दूसरे छोर के स्टेशन को गाड़ी की गतिविधि की टेलीफोन पर सूचना देता है और प्राइवेट नंबर के आदान-प्रदान के साथ बेल कोड दबाकर लाइन क्लियर मांगता है।	5.	प्राप्ति वाले स्टेशन पर, स्टेशन मास्टर गाड़ी की गतिविधि के बारे में सूचना के आदान-प्रदान के बाद सहमति देता है और साथ ही सुनिश्चित करता है कि ब्लॉक पैनल पर निम्नलिखित संकेत प्रदर्शित हो रहे हों:- "लाइन बंद है"-पीला, एसएनके-पीला, एसएनओईके-पीला, लाइन फ्री-हरा, शंट-की-हरा, अंतिम रोक सिगनल - लाल, बीआई ओके -हरा, कम्यूनिकेशन लिंक फेल -ऑफ
6.	स्टेशन मास्टर 'ट्रेन ..को जा रही है' बटन और बेल बटन तब तक दबाता है जब तक 'ट्रेन ..को जा रही है' एरोहैड संकेत प्रकाशित होकर हरा नहीं हो जाता और 'लाइन बंद है' संकेत ऑफ हो जाता है।	7.	'लाइन बंद है' संकेत ऑफ हो जाता है और 'ट्रेन ..से आ रही है' एरोहैड संकेत हरे रंग में प्रकाशित हो जाता है।
8.	बेल बटन और ट्रेन.. को जा रही है बटन रिलीज करता है।		
9.	अंतिम रोक सिगनल को 'ऑफ' करता है। गाड़ी ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करती है। अंतिम रोक सिगनल बदलकर 'ऑन' हो जाता है। लाइन फ्री है का संकेत लाल हो जाता है। सेक्शन बज़र बजना शुरु हो जाता है।	10.	लाइन फ्री है का संकेत लाल हो जाता है। बज़र बजना शुरु हो जाता है। और 'ट्रेन ..से आ रही है' एरोहैड संकेत लाल हो जाता है। एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है। एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती देता है।

	और 'ट्रेन ..को जा रही है' एरोहैड संकेत लाल हो जाता है। एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है। एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है। अंतिम रोक सिगनल कंट्रोल्स को वापस सामान्य स्थिति में लाता है। सुनिश्चित करता है कि एसएनके प्रकाशित होकर पीला हो जाता हो।		एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है। एसएनओईके पीले रंग में प्रकाशित हो जाता है। गाड़ी को लेने के लिए रिसेप्शन सिगनल 'ऑफ' करता है। गाड़ी होम सिगनल को पार करती है। होम सिगनल बदलकर 'ऑन' हो जाता है। गाड़ी ब्लॉक सेक्शन को क्लियर कर देती है।
11	सेक्शन बज़र बजना शुरु हो जाता है। एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है। लाइन फ्री संकेत हरा हो जाता है। `ट्रेन ..को जा रही है' एरोहैड संकेत बदलकर चमकीला हरा हो जाता है। एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है।	12	सेक्शन बज़र बजना शुरु हो जाता है।। एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है। लाइन फ्री संकेत हरा हो जाता है। 'ट्रेन ...से आ रही है' एरोहैड संकेत बदलकर चमकीला हरा हो जाता है। एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत बंद हो जाता है।
13	एसएनओईके पीले रंग में प्रकाशित हो जाता है। `ट्रेन ..को जा रही है' एरोहैड संकेत बंद हो जाता है। `लाइन बंद है' संकेत प्रकाशित हो जाता है।	14	गाड़ी को लेने के लिए सभी कंट्रोल को बदलकर सामान्य स्थिति में करता है। एसएनके पीले रंग में प्रकाशित हो जाता है। `ट्रेन ...से आ रही है' एरोहैड संकेत ऑफ हो जाता है। `लाइन बंद है' संकेत प्रकाशित हो जाता है।

(ख) ""लाइन क्लियर" इन्क्वायरी मना करने की शर्तें:

जब ब्लॉक सेक्शन किसी गाड़ी के खड़े होने से अथवा गाड़ी दो भागो मे (पार्टिंग) बंट जाने से अथवा शंटिंग से अथवा सेक्शन के मध्य समपार ओपन होने से ब्लॉक हो जाता है अथवा किसी अन्य कारणवश, सेक्शन ब्लॉक हो जाता है, तो ईकेटी की शंट-चाभी बाहर निकाल ली जाएगी और सुरक्षित रखी जाएगी।

यदि दूसरे छोर का ब्लॉक स्टेशन "क्या लाइन क्लियर है" इन्क्वायरी सिगनल देने से मना करता है, तो किसी गाड़ी को प्रस्थान की अनुमति नहीं जाएगी, जब तक कि दूसरे छोर के ब्लॉक स्टेशन से एक नया "क्या लाइन क्लियर है" इन्क्वायरी सिगनल नहीं दे दिया जाता और उसे स्वीकार नहीं कर लिया जाता।

अवरोध के हट जाने पर, ईकेटी की शंट-चाभी इंसर्ट की जाएगी और उसे इन स्थिति में घुमाया जाएगा तथा शंट रिलीज-चाभी आउट की जानी चाहिए। स्टेशन मास्टर दूसरे छोर के स्टेशन मास्टर को इस तथ्य के बारे में तत्काल सूचित करेगा ताकि वह उसे एक नई "क्या लाइन क्लियर है" इनक्वायरी भेज सके।

(ग) "लाइन क्लियर" रद्दीकरण के कार्यों का क्रम:

गाड़ी भेजनेवाले स्टेशन द्वारा "लाइन क्लियर" प्राप्त करने के बाद, गाड़ी रीसिव करने वाला स्टेशन, दूसरे छोर के स्टेशन की सहमति से "लाइन क्लियर" रद्द कर सकता है।

भेजने वाले स्टेशन पर		प्राप्ति वाले स्टेशन पर	
1	यदि पहले `ऑफ' किया गया हो, तो अंतिम रोक सिगनल वापस `ऑन' किया जाता है तथा सुनिश्चित कर लिया जाए कि एसएनके संकेत पीला हो जाता है। प्राप्ति वाले स्टेशन के स्टेशन मास्टर को प्राइवेट नंबर एक्सचेंज करके निर्धारित बेल कोड के बाद रद्दकरण की सूचना टेलीफोन पर देता है।	2	लाइन क्लियर रद्दकरण के अनुरोध के लिए सहमत होता है, सुनिश्चित करता है कि एसएनके संकेत पीला और एसएनओईके संकेत पीला हो जाता हो और निर्धारित बेल कोड के बाद रद्दकरण की सहमति टेलीफोन पर देता हो।
3.	कैंसल को-ऑप बटन दबाएं और बेल कोड प्राप्ति के बाद रिलीज करें।	4.	को-ऑप संकेत पीला होने तक प्रतीक्षा करें और एस एम- की (चाभी) के 'इन' होने के साथ बेल एवं कैंसल बटन दबाएं। कैंसल काउंटर की गणना बढ़ जाती है। 'ट्रेन ..से आ रही है' संकेत चमकीला हरा हो जाता है। रद्दकरण संकेत प्रकाशित होकर चमकीला पीला हो जाता है एवं 120 सेकेंड तक चमकता रहता है।
5.	'ट्रेन ..को जा रही है' संकेत बदलकर हरा हो जाता है।	6.	120 सेकेंड की समाप्ति पर, 'ट्रेन ..से आ रही है' संकेत एवं रद्दकरण संकेत ऑफ हो जाता है। "लाइन बंद है" संकेत प्रकाशित हो जाता है।
7.	'ट्रेन ..को जा रही है' संकेत संकेत ऑफ हो जाता है। "लाइन क्लोज्ड" संकेत प्रकाशित हो जाता है।		

(घ) "पुश बैक" ऑपरेशन के बाद ब्लॉक को बंद (क्लोज़) करने के लिए कार्यो का क्रम:

किसी गाड़ी को उसके भेजने वाले स्टेशन तक पुश बैक करने के बाद, गाड़ी भेजने वाला स्टेशन, प्राप्ति वाले स्टेशन को सूचना देता है। गाड़ी प्राप्ति वाला स्टेशन, दूसरे छोर के स्टेशन के को-ऑपरेशन से बेल बटन और कैंसल बटन को दबाकर सेक्शन को बंद (क्लोज) कर सकता है।

भेजने वाले स्टेशन पर		प्राप्ति वाले स्टेशन पर	
1	गाड़ी ब्लॉक सेक्शन को क्लियर करती है। लाइन फ्री संकेत परिवर्तित होकर हरा हो जाता है। सेक्शन बज़र बजना शुरु कर देता है। एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है।	2	गाड़ी ब्लॉक सेक्शन को क्लियर करती है। लाइन फ्री संकेत हरा हो जाता है। सेक्शन बज़र बजना शुरु हो जाता है। एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है।
	'ट्रेन ..को जा रही है' एरोहैड संकेत बदलकर फ्लेशिंग हरा हो जाता है।		'ट्रेन ..से आ रही है' एरोहैड संकेत बदलकर फ्लेशिंग हरा हो जाता है।

	एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ होता है।		एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ होता है।
3.	निर्धारित बेल कोड के बाद प्राप्ति वाले छोर के स्टेशन के स्टेशन मास्टर को रद्दकरण के बारे में टेलीफोन पर सूचित करता है।	4.	अनुरोध से सहमत होता है, सुनिश्चित करता है कि एसएनके संकेत पीला होता हो, एसएनओईके संकेत पीला हो और शंट की संकेत हरा हो जाता हो तथा निर्धारित बेल कोड के बाद टेलीफोन पर अपनी सहमति देता है।
5.	दूसरे छोर के स्टेशन मास्टर से मौखिक सहमति मिलने के बाद सुनिश्चित करता है कि एसएनके संकेत पीला और एसएनओईके संकेत पीला होता हो और शंट-की संकेत हरा होता हो।		
6.	कैंसल को-ऑप बटन दबाता हो और बेल कोड की प्राप्ति के बाद रिलीज करता हो।	7.	को-ऑप संकेत पीला होने तक प्रतीक्षा करें और एस एम- की (चाभी) के 'इन' होने के साथ बेल एवं कैंसल बटन दबाएं। कैंसल काउंटर की गणना बढ़ जाती है। कैंसल संकेत प्रकाशित होकर फ्लेशिंग पीला हो जाता है एवं 120 सेकेंड तक चमकता रहता है।
8.	'ट्रेन ..को जा रही है' संकेत ऑफ हो जाता है।	9.	120 सेकेंड की समाप्ति पर, 'ट्रेन ..से आ रही है' संकेत एवं रद्दकरण संकेत ऑफ हो जाता है।
	"लाइन बंद है" संकेत प्रकाशित हो जाता है।		"लाइन बंद है" संकेत प्रकाशित हो जाता है।

(ङ) ब्लॉक बैक ऑपरेशन के लिए संचालन का क्रम:

स्टेशन मास्टर, जो लाइन को ब्लॉक बैक करना चाहता है, दूसरे छोर के स्टेशन के स्टेशन मास्टर से टेलीफोन पर ब्लॉक बैक की अनुमति मांगेगा, जो संदेश की पावती देगा और एक प्राइवेट नंबर की सहायता से अनुमति प्रदान करेगा। स्टेशन मास्टर ईकेटी की शंट-की को आउट करेगा और उसे सुरक्षित रखेगा। इसके बाद स्टेशन मास्टर गाड़ी के लोको पायलट को प्राधिकार जारी करेगा ताकि वह ब्लॉक सेक्शन में शंटिंग कर सके। शंटिंग के पूरा हो जाने के बाद, प्राइवेट नंबर की सहायता से सेक्शन क्लियर है संदेश दूसरे छोर के स्टेशन के स्टेशन मास्टर को टेलीफोन पर दिया जाएगा कि अवरोध समाप्त हो गया है, जो बदले में एक प्राइवेट नंबर द्वारा इस संदेश की पावती देगा। इसके बाद, स्टेशन मास्टर ईकेटी की शंट-की इंसर्ट करेगा और इसे `इन' पोजिशन में करेगा और शंट रिलीज-की निकाल लेगा।

ट्रेन सिगनल रजिस्टर (TSR) में इस ऑपरेशंस की समस्त प्रविष्टियां लाल स्याही से की जाएंगी। प्रत्येक टिप्पणी के सामने वाले कॉलम में ब्लॉक बैक का कारण दर्ज किया जाएगा।

ब्लॉक बैक चाहने वाला स्टेशन		**पिछला स्टेशन**	
1	सुनिश्चित करें कि निम्नलिखित ब्लॉक पैनल डिस्पले प्रकाशित होते हों; "लाइन बंद है" - पीला	2	सुनिश्चित करें कि निम्नलिखित ब्लॉक पैनल डिस्पले प्रकाशित होते हों; "लाइन बंद है" - पीला

	लाइन फ्री - हरा एसएनओईके - पीला शंट-की संकेत - हरा		लाइन फ्री - हरा एसएनओईके - पीला शंट-की संकेत - हरा
3	स्टेशन मास्टर अपनी एस एम- की (चाभी)इंसर्ट करता है और इसे इन पोजिशन में बदलता है। कॉल अटेंशन की पावती देता है / टेलीफोन सिगनल अटेंड करता है।	4.	कॉल अटेंशन देता है / टेलीफोन सिगनल अटेंड करता है ।
5.	टेलिफोन अटेंड करता है।	6.	टेलीफोन अटेंड करता है।
7.	ब्लॉक सेक्शन में शंटिंग करने के लिए आशय की जानकारी देता है।	8.	प्राइवेट नंबर के आदान-प्रदान से पावती देता है एवं सहमति देता है।
9.	ईकेटी से शंट-की 'आउट' करता है और उसे सुरक्षित रखता है। शंट-की संकेत लाल हो जाता है। ब्लॉक सेक्शन में शंटिंग के लिए लोको पायलट को आवश्यक प्राधिकार जारी करता है।	10.	एसएनओईके ऑफ हो जाता है।
11	ब्लॉक सेक्शन में गाड़ी के प्रवेश करने पर, सेक्शन बज़र बजना शुरु हो जाता है एवं एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है।	12	ब्लॉक सेक्शन में गाड़ी के प्रवेश करने पर, सेक्शन बज़र बजना शुरु हो जाता है एवं एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है।
	लाइन व्यस्त है संकेत लाल हो जाता है। "लाइन क्लोज्ड" संकेत बंद हो जाता है।		लाइन व्यस्त है संकेत लाल हो जाता है। "लाइन क्लोज्ड" संकेत बंद हो जाता है।
	एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है।		एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है।
13	ब्लॉक सेक्शन के क्लियर होने के बाद, सेक्शन बज़र बजना शुरु हो जाता है एवं "लाइन बंद है" संकेत प्रकाशित हो जाता है, एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है।	14	ब्लॉक सेक्शन के क्लियर होने के बाद, सेक्शन बज़र बजना शुरु हो जाता है एवं "लाइन बंद है" संकेत प्रकाशित हो जाता है, एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है।
	लाइन फ्री संकेत हरा हो जाता है। "लाइन बंद है" संकेत पीला हो जाता है।		लाइन फ्री संकेत हरा हो जाता है। "लाइन बंद है" संकेत पीला हो जाता है।
	एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती दें। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है।		एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती दें। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है।
15	शंटिंग पूरी होने पर, स्टेशन मास्टर सत्यापित करता है कि सामने वाले स्टार्टर (यदि कोई हो) लाइन/शंट सिगनल अथवा रोक बोर्ड/फाउलिंग मार्क और एफएसएस पर कोई वाहन न हो। एस एम- की (चाभी)को इंसर्ट करें एवं इसे इन पोजिशन में बदलें।	16	कॉल अटेंशन की पावती देता है / टेलीफोन सिगनल अटेंड करता है।

	कॉल अटेंशन देता है / टेलीफोन सिगनल अटेंड करता है।		
17.	टेलीफोन अटेंड करता है।	18.	टेलीफोन अटेंड करता है।
19.	एक प्राइवेट नंबर के आदान-प्रदान से शंटिंग पूरी होने की पावती देता है।	20	एक प्राइवेट नंबर के आदान-प्रदान से शंटिंग पूरी होने की पावती देता है।
21.	ईकेटी की शंट-की इंसर्ट करें एवं इसे इन पोजिशन में बदलें। शंट-की संकेत हरा हो जाता है।	22	एसएनओईके प्रकाशित हो जाता है पीला

3.9 गाड़ियों की शंटिंग:

जहां ब्लॉक सेक्शन की ओर जाने वाली लीडिंग लाइन पर शंटिंग के लिए शंट सिगनल उपलब्ध नहीं होते है, शंटिंग गाड़ी के लोको पायलट को किसी शंटिंग की अनुमति देने से पूर्व स्टार्टर सिगनल /रोक बोर्ड/फाउलिंग मार्क के पास शंटिंग आदेश दिए जाएंगे। शंटिंग के समय, अंतिम रोक सिगनल को ऑन स्थिति में रखना चाहिए।

3.10 अंतिम रोक सिगनल तक गाड़ी की शंटिंग:

ईकेटी की शंट-की बाहर निकाल ली जाएगी और उसे सुरक्षित रखा जाएगा। शंटिंग गाड़ी के लोको पायलट को शंटिंग आदेश दिए जाएंगे कि वह अंतिम रोक सिगनल तक शंटिंग कर सकता है। शंटिंग पूरी हो जाने के बाद, स्टार्टर/ शंट सिगनल/ रोक बोर्ड/ फाउलिंग मार्क और अंतिम रोक सिगनल के बीच लाइन की जांच की जाएगी कि उस पर कोई वाहन तो नहीं है। ईकेटी की शंट-की इंसर्ट की जाएगी और उसे इन पोजिशन में किया जाएगा।

जब ब्लॉक सेक्शन के दूसरे छोर के ब्लॉक स्टेशन से "क्या लाइन क्लियर है" इन्क्वायरी प्राप्त होती है, तो अंतिम रोक सिगनल तक शंटिंग करने की अनुमति डीएफसीआर-सा.नि. नियम 84 के अनुपालन करके की जाएगी और जैसा स्टेशन संचालन नियम (SWR) द्वारा अनुमति दी गयी है।

3.11 किसी गाड़ी के पीछे शंटिंग:

किसी गाड़ी के पीछे शंटिंग के लिए दूसरे छोर के स्टेशन को सूचित किया जाना चाहिए। स्टेशन मास्टर गाड़ी के अंतिम रोक सिगनल को पार कर लेने के बाद ईकेटी की शंटिंग- चाभी बाहर निकाल लेगा और उसे शंटिंग आदेश के साथ शंटिंग गाड़ी के लोको पायलट को सौंप देगा।

शंटिंग कार्य पूरा होने के बाद, शंटिंग गाड़ी का लोको पायलट ईकेटी की शंट-की स्टेशन मास्टर को सौंप देगा। स्टेशन मास्टर सुनिश्चित करेगा कि स्टार्टर/ शंट सिगनल/ रोक बोर्ड / फाउलिंग मार्क और अंतिम रोक सिगनल के बीच लाइन साफ है और वहां कोई वाहन नहीं है। शंटिंग पूरी होने का संदेश दूसरे छोर के स्टेशन को भेजा जाएगा।

स्टेशन मास्टर ईकेटी की शंट-की इंसर्ट करता है और इसे इन पोजिशन में घुमाता है।

यदि शंटिंग पूरी होने से पहले गाड़ी दूसरे छोर के स्टेशन पर पहुँच जाती है, तो गाड़ी ..को जा रही है/ गाड़ी ..से आ रही है एरोहैड संकेत लाल ही रहेगा, जब तक शंटिंग वाली गाड़ी सेक्शन से बाहर नहीं हो जाती। इस अवधि के दौरान लाइन ब्लॉक बैक की जाएगी, जैसा वर्तमान प्रक्रिया में निर्धारित है।

3.12 अंतिम रोक सिगनल से आगे गाड़ी की शंटिंग:

शंटिंग केवल ब्लॉक बैक की संरक्षा के तहत ही की जाएगी।

3.13 आने वाली गाड़ी के सामने शंटिंग:

किसी आने वाली गाड़ी के सामने अंतिम रोक सिगनल की ओर शंटिंग करने की अनुमति दी जा सकती है, जहां स्टेशन संचालन नियम में विशेष अनुदेशों के तहत अनुमति दी गई हो। शंटिंग ट्रेन के लोको पायलट को अंतिम रोक सिगनल तक शंटिंग करने के लिए शंटिंग आदेश दिया जाएगा। शंटिंग पूरी हो जाने के बाद, स्टार्टर/ शंट सिगनल/ रोक बोर्ड / फाउलिंग मार्क और पहले रोक सिगनल के बीच लाइन की जांच की जाएगी कि वहां कोई वाहन तो नहीं है।

किसी आने वाली गाड़ी के सामने अंतिम रोक सिगनल से आगे शंटिंग और पहले रोक सिगनल तक शंटिंग तभी की जा सकती है, जब आने वाली गाड़ी स्टेशन के पहले रोक सिगनल पर आकर रुक गयी हो। जब कभी ऐसी शंटिंग की जानी हो, तो एस एम- की (चाभी)बाहर निकाल ली जाएगी और उसे सुरक्षित रखा जाएगा। शंटिंग ट्रेन के लोको पायलट को पहले रोक सिगनल तक शंट करने के लिए शंटिंग आदेश दिया जाएगा। शंटिंग पूरी हो जाने के बाद, स्टार्टर/ शंट सिगनल/ रोक बोर्ड / फाउलिंग मार्क और पहले रोक सिगनल के बीच लाइन की जांच की जाएगी कि वहां कोई वाहन तो नहीं है और केवल तभी एस एम- की (चाभी) इंसर्ट की जाएगी और उसे इन पोजिशन में घुमाया जाएगा।

3.14 किसी गाड़ी के पीछे शंटिंग कार्य के मामलों के अलावा अंतिम रोक सिगनल से आगे गाड़ी की शंटिंग अथवा किसी आने वाली गाड़ी के सामने शंटिंग:

शंटिंग केवल ब्लॉक बैक की संरक्षा के तहत ही की जाएगी।

3.15 ब्लॉक विफलताएं:-

ब्लॉक विफलताओं को निम्नलिखित श्रेणियों में बांटा जा सकता है:-

- क) ब्लॉक पैनल की विफलता।
- ख) अंतिम रोक सिगनल की विफलता।

क) ब्लॉक पैनल की विफलता:-

ब्लॉक पैनल को निम्नलिखित परिस्थितियों में विफल माना जाना चाहिए-

- (i) जब ब्लॉक पैनल पर किसी तरह का संकेत नहीं आ रहा हो।
- (ii) जब ब्लॉक पैनल पर 'लाइन फ्री' अथवा 'लाइन व्यस्त है' के अलावा कोई भी संकेत अर्थात् 'ट्रेन..से आ रही है'/ट्रेन..को जा रही है' प्रदर्शित नहीं होता है।

(iii) जब ब्लॉक सेक्शन में किसी गाड़ी ने प्रवेश न किया हो किंतु ब्लॉक पैनल 'लाइन व्यस्त है' का लाल संकेत दिखाता है और यह संकेत--- लगातार बना रहता है, जबकि एक्सेल काउंटर रीसेटिंग की प्रक्रिया के अनुसार रिसेटिंग किया गया है।

(iv) जब "लाइन क्लियर" मांगे जाने और 'लाइन क्लियर' दिए जाने की शर्तें पूर्ण कर ली जाती है, तो उपयुक्त कार्रवाई के बाद भी "ट्रेन..को जा रही" अथवा "ट्रेन..से रही है" संकेत प्रदर्शित नहीं होता।

(v) जब "ट्रेन..को जा रही" अथवा "ट्रेन..से रही है" संकेत "लाल" प्रदर्शित नहीं होता तो दोनों ओर के स्टेशनों के ब्लॉक सेक्शन में गाड़ी के प्रवेश पर "गाड़ी लाइन पर है" संकेत दिया जाता है।

(vi) जब कोई गाड़ी प्राप्ति वाले स्टेशन पर आ चुकी हो किंतु ब्लॉक पैनल अभी भी "गाड़ी लाइन पर है' का लाल संकेत दर्शाता हो अथवा 'लाइन व्यस्त है' का लाल संकेत दर्शाता हो और एक्सल काउंटर की रीसेटिंग की प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी संकेत जारी रहता हो।

(vii) जब कोई गाड़ी प्राप्ति वाले स्टेशन पर आ चुकी हो किंतु ब्लॉक पैनल अभी भी "चमकीला हरा"/"हरा" संकेत दिखाता हो, भले ही "एसएनकेई लोकल" संकेत एवं "एसएनकेई दूसरे छोर" का संकेत दोनों स्टेशनों पर प्रकाशित हो जाता हो।

(viii) संचार के सभी साधनों की पूर्ण विफलता, जिसके दौरान गाड़ी ब्लॉक संचालन नियमावली में उल्लिखित नियमानुसार कार्य करेगी।

(ix) ब्लॉक उपकरण अर्थात् ब्लॉक पैनल, एक्सल काउंटर उपकरण, रेलपथ उपकरण, यूएफएसबीआई, केबल इत्यादि में देखी अथवा बताई गई कोई क्षति।

(x) निलंबन / डिस्कनेक्शन की स्थिति के दौरान जब अंतिम रोक सिगनल "ऑन" पोजिशन में नहीं रखा जा सकता हो।

(xi) जब ब्लॉक सेक्शन में गाड़ी के प्रवेश करने की स्थिति में स्टेशन का अंतिम रोक सिगनल 'ऑन' पोजिशन में वापस नहीं जाता है।

(xii) जब बेल कोड सिगनल स्पष्ट रूप से प्राप्त नहीं होते हों अथवा प्राप्त ही नहीं होते हों।

टिप्पणी:-

(i) उपर्युक्त सभी मामलों में, ब्लॉक पैनल खराब माना जाएगा , ब्लॉक वर्किंग निलंबित कर देनी चाहिए लाइन क्लियर उपलब्ध विद्युतीय/संचार उपकरण पर लेकर गाड़ियों का संचालन करना चाहिए और डीएफसीआर-सा.नि. के नियम 217 तथा ब्लॉक संचालन नियमावली में निर्धारित प्रक्रिया में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

(ii) उपरोक्त पैरा की मद सं. (क) (viii) के संबंध में, गाड़ी के लिए ब्लॉक संचालन नियमावली में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

(iii) उपरोक्त पैरा (क) की मद सं. (v), (x) और (xi) (viii) में दर्शाई गई विफलता के संबंध में, अंतिम रोक सिगनल को "ऑन" पोजिशन में रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। यदि ऐसा संभव न हो, तो किसी सक्षम कर्मचारी को लाल हैंड सिगनल के साथ अंतिम रोक सिगनल के पास तैनात किया जाना चाहिए ताकि ने वाली गाड़ी के लोको पायलटों को सूचित किया जा सके। इसके

अतिरिक्त, अंतिम रोक सिगनल से गाड़ियों को गुजारने के लिए अपेक्षित प्राधिकार जारी किए जाने चाहिए।

(iv) सामान्य वर्किंग के लिए ब्लॉक पैनल को तब तक बहाल नहीं किया जाना चाहे, जब तक कि किसी सक्षम सिगनलिंग स्टाफ द्वारा उसका परीक्षण न कर लिया जाता हो और उसके द्वारा इस सामान्य वर्किंग के लिए फिट न कर दिया जाता हो।

ख) अंतिम रोक सिगनल की विफलता:-

निम्नलिखित मामलों में अंतिम रोक सिगनल को विफल मान लिया जाना चाहिए:-

(i) अंतिम रोक सिगनल 'ऑफ' नहीं नहीं हो रहा हो भले ही लाइन क्लियर प्राप्त कर ली गई हो।
(ii) बिना लाइन क्लियर प्राप्त किए अंतिम रोक सिगनल 'ऑफ' किया जा सकता हो।
(iii) गाड़ी के ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश किए जाने के बाद अंतिम रोक सिगनल "ऑन" स्थिति में वापस नहीं आता हो।

उपरोक्त पैरा (क) और (ख) में दर्शाए गए मामलों में, विफलता के बारे में सिगनलिंग स्टाफ को तत्काल सूचित किया जाना चाहिए।

टिप्पणी:
उपरोक्त पैरा (ख) (ii) एवं (iii) में दर्शाए गए मामलों में, उपरोक्त पैरा (क) के तहत मद सं. (iii) एवं (iv) में दर्शाई सावधानियों का ब्लॉक पैनल की विफलतों को दूर करने के लिए कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए।

3.16 ब्लॉक पैनल वर्किंग/अंतिम रोक सिगनल का निलंबन:-

(क) ब्लॉक पैनल वर्किंग का निलंबन:-

निम्नलिखित मामलों में ब्लॉक पैनल कार्य को निलंबित कर देना चाहिए एवं गाड़ियों के संचालन के लिए वर्तमान अनुदेशों के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए:-

(i) जब सेक्शन में सामग्री लिए लॉरियां, मोटर ट्रॉलियां, रेलपथ मशीनें, रेल-सह-सड़क वाहन, रेल मोटर, टावर वैगन चलाए जाने हों, तो इनके लिए लिखित प्राधिकार पर कार्रवाई की जानी चाहिए।
(ii) सेक्शन के मध्य कोई दुर्घटना।
(iii) जब मरम्मत के लिए ब्लॉक उपकरण का कोई हिस्सा खोला जाता हो तो यह कार्य स्वीकृत डिसकनेक्शन मेमो के तहत ही किया जाना चाहिए। ब्लॉक पैनल वर्किंग डीएफसीसीआईएल में लागू मौजूद नियम के तहत केवल अधिकृत स्टाफ द्वारा ही शुरू किया जाएगा।

(ख) अंतिम रोक सिगनल का निलंबन:-

निम्नलिखित मामलों में अंतिम रोक सिगनल को ऑपरेटिव नहीं माना जाएगा और उसे निलंबित मान लिया जाएगा:-

(i) जब अंतिम रोक सिगनल मरम्मत कार्य के लिए एसएंडटी स्टाफ द्वारा अपने अधिकार मे ले लिया गया हो।
(ii) ब्लॉक बैक के दौरान।
(iii) सेक्शन के मध्य दुर्घटना।
(iv) जब सेक्शन में सामग्री लिए लॉरियां, मोटर ट्रॉलियां, रेलपथ मशीनें, रेल-सह-सड़क वाहन, रेल मोटर, टावर वैगन चलाए जाने हों।

टिप्पणी:-
उपरोक्त पैरा (क) एवं (ख) में सूचीबद्ध मामलों के संबंध में, जैसे ही ब्लॉक वर्किंग/अंतिम रोक सिगनल के निलंबन का कारण समाप्त कर दिया जाता है, तो स्टेशन मास्टर द्वारा सामान्य कार्यप्रणाली बहाल की जा सकती है।

3.17 ब्लॉक पैनल/ अंतिम रोक सिगनल की किसी विफलता की स्थिति में गाड़ियों की कार्यप्रणाली।

(क) ब्लॉक पैनल की विफलता:-

जब कभी ब्लॉक पैनल की विफलता होती है, तो लाइन क्लियर उपलब्ध विद्युतीय/कम्यूनिकेशन उपकरण पर और डीएफसीआर-सा.नि. के नियम 217 में उल्लेखित प्रावधानों और ब्लॉक संचालन नियमावली के अनुसार लिया जाना चाहिए। स्टेशन मास्टर पेपर लाइन क्लियर प्राधिकार जारी करेंगे जिस पर अगले स्टेशन से लिया गया लाइन क्लियर प्राइवेट नंबर स्पष्ट रूप से उद्धृत होगा।

(ख) अंतिम रोक सिगनल की विफलता, जब ब्लॉक पैनल चालू हालत में हो:- 'ट्रेन.. को जा रही है' स्थिति में उपकरण आ जाने के बाद भी यदि अंतिम रोक सिगनल ऑफ नहीं किया जाता सकता हो तो भी ब्लॉक पैनल का कार्य निलंबित किए जाने की आवश्यकता नहीं होती, बशर्ते, ब्लॉक पैनल अन्यथा चालू हालत में हो। ऐसे मामले में लाइन क्लियर उसी प्रकार प्राप्त की जानी चाहिए, जैसा ब्लॉक उपकरण के माध्यम से ली जाती है। स्टेशन मास्टर पेपर लाइन क्लियर प्राधिकार जारी करेगा ताकि अंतिम रोक सिगनल को 'ऑन' पोजिशन में पास किया जा सके, जिस पर स्पष्ट रूप में उद्धृत होगा कि लाइन क्लियर ब्लॉक पैनल के माध्यम से ली गई है। यह लोको पायलट को ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करने का प्राधिकार होगा।

3.18 शंट-की की विफलता के दौरान शंटिंग की प्रक्रिया:-

जब "शंट-की" को बाहर नहीं निकाला जा सकता और यदि शंटिंग आवश्यक रूप से की जानी हो, तो स्टेशन मास्टर सुनिश्चित कर लेगा कि शंटिंग की दिशा निर्धारित करने वाला ब्लॉक उपकरण 'लाइन बंद है' की स्थिति में है। वह ब्लॉक सेक्शन के दूसरे छोर के स्टेशन मास्टर को सूचित करेगा कि शंटिंग की जानी है, और उसकी संभावित अवधि की जानकारी भी देते हुए शंटिंग कार्य की शुरुआत के आशय से प्राइवेट नंबरों का आदान-प्रदान करेगा। ब्लॉक सेक्शन के दूसरे छोर का स्टेशन मास्टर "शंट-की" को बाहर निकाल लेगा और उसे अपनी व्यक्तिगत संरक्षा में रखेगा तथा जिस स्टेशन पर शंटिंग की जानी हो, उसके स्टेशन मास्टर को आशवस्त करेगा। शंटिंग पूरी हो जाने के बाद स्टेशन मास्टर ब्लॉक सेक्शन के दूसरे छोर के स्टेशन मास्टर को शंटिंग के पूरा होने का जानकारी देगा और इस आशय से प्राइवेट नंबरों का आदान-प्रदान करेगा। दूसरे छोर के स्टेशन मास्टर द्वारा अपना प्राइवेट नंबर देने से पूर्व, वह उपकरण में अपनी "शंट-की" इंसर्ट करेगा। दोनों तरफ के स्टेशन मास्टर प्राइवेट नंबरों के आदान-प्रदान का समय और नंबरों के आदान-प्रदान के पूर्व तथा शंटिंग कार्य पूरे होने के बाद ट्रेन सिगनल रजिस्टर में लाल स्याही से इस आशय की प्रविष्टियां करेंगे। जिस स्टेशन पर शंटिंग कार्य किया जाना हो, उस स्टेशन का स्टेशन मास्टर लोको पायलट को शंटिंग के लिए एवं साथ ही स्टार्टर/एडवांस्ड स्टार्टर सिगनल को 'ऑन' पोजिशन में पार करके सामने वाले पहले रोक सिगनल तक जाने के लिए लिखित प्राधिकार जारी करेगा।

****

अध्याय - IV

दोहरी लाइन पर यूएफएसबीआई एवं एसएसडीएसी के उपयोग से एक्सल काउंटर के साथ ब्लॉक प्रूविंग

4.1 यह सिस्टम दोहरी लाइन पूर्ण ब्लॉक सेक्शन क्षेत्र में काम करता है और इसका प्रयोग दोहरी लाइन ब्लॉक सेक्शन पर एक ब्लॉक स्टेशन से दूसरे ब्लॉक स्टेशन पर गाड़ियों के संचालन को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।

4.2 ब्लॉक पैनल:

एक ब्लॉक स्टेशन से दूसरे ब्लॉक स्टेशन पर गाड़ियों के परिचालन को संचालित, नियंत्रित और विनियमित करने के लिए ब्लॉक पैनल का उपयोग किया जाता है। ब्लॉक पैनल पर संकेतों, पुश बटन, चाबियों, काउंटर और बज़र की व्यवस्था होती हैं, जिनमें ऑडियो विजुअल संकेत और अलार्म दिए गये हैं ताकि ब्लॉक सेक्शन में गाड़ियों के संचालन में सुविधा हो।





ब्लॉक टेलीफोन साथ ब्लॉक पैनल (दोहरी लाइन) ब्लॉक पैनल फेस प्लेट (दोहरी लाइन)

4.3 कार्य के सिद्धांत:

(i) रेलगाड़ियां पूर्ण ब्लॉक पद्धयती (एब्सोल्यूट ब्लॉक सिस्टम) पर कार्य करती हैं।

(ii) प्रत्येक ब्लॉक सेक्शन पर एक एक्सल काउंटर का प्रावधान किया जाता है जिससे ब्लॉक सेक्शन के भरा होने अथवा क्लियर होने का पता लग सके, इसका संकेत ब्लॉक पैनल पर मिलता है।

(iii) जब तक अगले स्टेशन से "लाइन क्लियर" प्राप्त नहीं हो जाए, अंतिम रोक सिगनल को 'ऑफ' करना संभव नहीं होता।

(iv) जब तक ब्लॉक सेक्शन अर्थात लाइन न केवल अगले स्टेशन के प्रथम रोक सिगनल तक बल्कि उसके आगे पर्याप्त दूरी तक साफ न हो, "लाइन क्लियर" प्राप्त करना संभव नहीं होता।

(v) अंतिम रोक सिगनल स्वतः 'ऑन' हो जाता है, जब गाड़ी ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करती है और जब यह इस प्रकार बदल जाता है, तो उसे 'ऑन' स्थिति में तब तक रखा जाता है, जब तक कि ब्लॉक पैनल के माध्यम से फिर से नया "लाइन क्लियर" प्राप्त नहीं हो जाता।

(vi) जब कोई गाड़ी "लाइन क्लियर" मिलने पर ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करती है, तो ब्लॉक पैनल पर ब्लॉक सेक्शन स्वतः "ट्रेन ऑन लाइन" दर्शाता है।

(vii) गाड़ी के ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करने पर /निकलने पर ऑडियो - विजुअल अलार्म की व्यवस्था है, और इसकी पावती दी जानी होती है।

(viii) गाड़ी के पूर्ण रूप से आगमन होने पर इसमें स्वतः "लाइन क्लोज" की सुविधा है।

(ix) गाड़ी प्राप्ति वाले स्टेशन की सहमति के बिना "लाइन क्लियर" नहीं लिया जा सकता।

(x) "लाइन क्लियर" निरस्तीकरण आपसी सहयोग से होता है।

4.4 ब्लॉक पैनल का विवरण:

ब्लॉक पैनल समीपवर्ती दो स्टेशनों के बीच एक जोड़ी सेट के रूप में काम करता है। ब्लॉक पैनल के विभिन्न हिस्से और उनके कार्य इस प्रकार हैं:-

अ) संकेत:

क. "लाइन बंद है" संकेत (पीला): यह संकेत यह बताता है कि ब्लॉक सेक्शन में कोई वाहन नहीं हैं और संबन्धित स्टेशन को लाइन क्लियर किसी गाड़ी के लिए नहीं दिया गया है/से प्राप्त किया गया है। यह डायरेक्शनल एरोहैड के बीच एक सर्कुलर संकेत (संख्या में दो) के रूप में उपलब्ध होता है।

ख. "ट्रेन ..से आ रही है" संकेत (हरा): इस संकेत को इसलिए लगाया जाता है की पिछले स्टेशन को लाइन क्लियर दिया जा चुका है। इस संकेत के फ्लैश करने का कारण यह है कि ब्लॉक सेक्शन क्लियर हो गया है और गाड़ी का आगमन प्राप्ति वाले स्टेशन पर हो चुका है, किंतु संबद्ध सिगनल और उनके कंट्रोल किसी भी स्टेशन पर वापस सामान्य स्थिति में नहीं लाए गए हों अथवा एलसीबी चाबी निकाल ली गयी हो।
यह तब भी फ्लैश होता है, जब ब्लॉक सेक्शन में किसी गाड़ी के प्रवेश करने से पहले किसी "लाइन क्लियर" को रद्द किया जाता है। यह डायरेक्शनल एरोहैड के रूप में नीचे की ओर संकेत प्रदर्शित करते हुए उपलब्ध होता है, जो गाड़ी प्राप्ति वाले स्टेशन पर आने वाले यातायात के लिए एक व्यवस्था है और एक आयताकार संकेत होता है जिसे टीसीएफ कहते हैं।

ग. "ट्रेन को जा रही है" संकेत (हरा): यह संकेत यह दर्शाने के लिए दिया गया है कि , "लाइन क्लियर" प्राप्त कर लिया गया है। इस संकेत के फ्लैश करने का कारण यह है कि गाड़ी के आगमन के बाद ब्लॉक सेक्शन क्लियर हो चुका हो, किंतु संबन्धित सिगनल और उनके कंट्रोल वापस सामान्य अवस्था में किसी भी स्टेशन पर नहीं किए गए हों अथवा गाड़ी लेने वाले स्टेशन पर एलसीबी चाभी को बाहर निकाल लिया गया है। यह तब भी फ्लैश करता है जब किसी गाड़ी के ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश से पहले "लाइन क्लियर" को रद्द किया जाता है। यह एरोहैड इंडीकेशन के रूप में उपलब्ध होता है, जो गाड़ी की प्राप्ति वाले स्टेशन पर आने वाले यातायात के लिए ऊपर की ओर संकेत करता है और टीजीटी नाम का एक आयताकार संकेत प्रदर्शित करता है।

घ. "टीओएल" संकेत (लाल): यह संकेत दर्शाने के लिए व्यवस्था है कि गाड़ी का "लाइन क्लियर" मिलने के बाद ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश हो गया है। यह डायरेक्शनल एरोहैड के रूप में उपलब्ध होता है और आयताकार

संकेत प्रदर्शित करता है जिसे टीओएल कहते हैं, जो गाड़ी की प्राप्ति और प्रस्थान वाले स्टेशनों दोनों पर आने अथवा जाने वाले यातायात के लिए क्रमशः नीचे अथवा ऊपर की ओर संकेत प्रदर्शित करता है।

ङ. "कैंसल को-ऑप" संकेत (पीला): इस संकेत का प्रावधान इसलिए किया गया है कि दूसरे छोर के स्टेशन द्वारा "लाइन क्लियर" के निरस्त करने के दौरान सहयोग किया जा रहा है।

च. "कैंसल" संकेत (पीला): यह संकेत दर्शाने के लिए फ्लैश करता है कि "लाइन क्लियर" का रद्दीकरण किया जा रहा है और यह 120 सेकंड तक कायम रहेगा। इसके बाद जब तक लाइन बंद (क्लोज) नहीं हो जाती यह स्थिर रहेगा।

छ. "एसएनके (डी)" संकेत (पीला): यह संकेत दर्शाने के लिए इस संकेत की व्यवस्था है कि अंतिम रोक सिगनल और इसके कंट्रोल ऑन/सामान्य स्थिति में हैं। यह डायरेक्शनल एरोहैड में टीजीटी के निकट उपलब्ध होता है।

ज. "एसएनके (आर)" संकेत (पीला): यह दर्शाने के लिए संकेत की व्यवस्था है कि रिसेप्शन सिगनल और इसके कंट्रोल ऑन/सामान्य स्थिति में हैं। यह डायरेक्शनल एरोहैड के रूप में टीसीएफ के निकट उपलब्ध होता है।

झ. "एसएनओईके" संकेत (पीला): यह संकेत दर्शाता है कि पिछले स्टेशन पर अंतिम रोक सिगनल और इसके कंट्रोल ऑन/सामान्य स्थिति में हैं। यह डायरेक्शनल एरोहैड के रूप में टीसीएफ के निकट उपलब्ध होता है।

ञ. "अंतिम रोक सिगनल" संकेत (लाल): यह दर्शाने के लिए इस संकेत की व्यवस्था है कि अंतिम रोक सिगनल "ऑन" स्थिति में है। यह सिगनल के मोनोग्राम के रूप में उपलब्ध होता है।

ट. "अंतिम रोक सिगनल" संकेत (हरा): यह दर्शाने के लिए इस संकेत की व्यवस्था है कि अंतिम रोक सिगनल "ऑफ" स्थिति में है और अगले स्टेशन से लाइन क्लियर प्राप्त कर लिया गया है। यह सिगनल के मोनोग्राम के रूप में उपलब्ध होता है।

ठ. "लाइन फ्री" संकेत (हरा): यह दर्शाने के लिए इस संकेत की व्यवस्था है कि ब्लॉक सेक्शन में कोई गाड़ी नहीं है। यह अप/डाउन लाइनों के लिए टीसीएफ/टीजीटी एरोहैड के निकट उपलब्ध होता है।

ड. "लाइन व्यस्त है" संकेत (लाल): यह दर्शाने के लिए इस संकेत की व्यवस्था है कि गाड़ी ब्लॉक सेक्शन में है अथवा एक्सल काउंटर विफल हो गया है। यह अप/डाउन लाइनों के लिए टीसीएफ/टीजीटी एरोहैड के निकट उपलब्ध होता है।

ढ. "एसीकेएन" संकेत (पीला): यह दर्शाने के लिए इस संकेत की व्यवस्था है कि सेक्शन बज़र ऑन स्थिति में है यह एसीकेएन बटन के समीप उपलब्ध होता है।

ण. "एमयूएक्स / यूएफएसबीआई स्टेटस ओके" संकेत (हरा): यह दर्शाने के लिए इस संकेत की व्यवस्था है कि यूएफएसबीआई चालू हालत में है।

त. "एमयूएक्स / यूएफएसबीआई स्टेटस फेल" संकेत (लाल): यह दर्शाने के लिए इस संकेत की व्यवस्था है कि यूएफएसबीआई विफल स्थिति में है।

थ. "कम्यूनिकेशन लिंक फेल" संकेत (पीला): यह दर्शाने के लिए इस संकेत की व्यवस्था है कि कम्यूनिकेशन लिंक विफल हो गया है। जब लिंक विफल हो तो यह स्थिर पीला रहता है अन्यथा अस्थिर रहता है।

द. "एस एम- की (चाभी) इन" का संकेत (हरा): यह दर्शाने के लिए इस संकेत की व्यवस्था है कि स्टेशन मास्टर की चाबी 'इन' स्थिति में है।

आ) पुश बटन एवं चाबियां:

क. "बेल" बटन (काला): यह अनेक कार्य करता है।

(i) दूसरे छोर के ब्लॉक सेक्शन के स्टेशन को कॉल अटेंशन एवं बेल कोड ट्रांसमिट करने के लिए।

(ii) जब "ट्रेन..को जा रही है" बटन के साथ लाइन क्लियर प्राप्त करने के लिए दबाया जाता है।

(iii) जब कैंसल बटन के साथ दबाया जाता है तो लाइन क्लियर रद्द करने के लिए।

ख. "ट्रेन..को जा रही है" बटन (लाल): इस पुश बटन का उपयोग लाइन क्लियर लेते समय "बेल" बटन के साथ दबाने के लिए होता है।

ग. "एसीकेएन" बटन (काला): प्रत्येक प्रस्थान लाइन और आगमन लाइन दोनों के लिए दो पुश बटन उपलब्ध होते हैं ताकि गाड़ी ब्लॉक सेक्शन में खड़ी है/जा चुकी है के ऑडियो विज़ुअल संकेतों की पावती दी जा सके। यह 'सेक्शन के व्यस्त/क्लियर होने' वाले बज़र को शांत कर देता है।

घ. "कैंसल को-ऑप" बटन (हरा): इस पुश बटन का प्रावधान इसलिए किया गया है कि गाड़ी भेजने वाले स्टेशन और गाड़ी प्राप्ति वाले स्टेशन के मध्य "लाइन क्लियर" को रद्द करने के दौरान दोनों सहयोग से किया जा सके।

ङ. "कैंसल" बटन (पीला): इस पुश बटन की व्यवस्था है, जो निम्नलिखित शर्तों के तहत "बेल" बटन के साथ दबाए जाने पर "लाइन क्लियर" को रद्द करता है:-

(i) गाड़ी ने ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश नहीं किया हो और लाइन क्लियर को रद्द किया जाना है।

(ii) पूरी गाड़ी उसे भेजे जाने स्टेशन तक पुश बैक कर दी गई है।

च. "स्टेशन मास्टर की"- चाभी - जब चाबी बाहर निकाल ली जाती है तो निम्नलिखित संचालन कार्य नहीं हो पाते:-

(i) बेल कोड का ट्रांसमिशन।

(ii) क्या लाइन क्लियर है इनक्वायरी के अनुरोध का ट्रांसमिशन।

(iii) लाइन क्लियर को रद्द करना।

छ. "एलसीबी"-चाभी - जब चाबी निकाल ली जाती हो तो निम्नलिखित संचालन कार्य नहीं हो पाते:-

(i) पिछले स्टेशन द्वारा लाइन क्लियर लेना।

(ii) ब्लॉक सेक्शन को बंद करना।

ज. "स्टेशन मास्टर की बैक कवर लॉक"- चाभी- इस चाभी का कार्य, जब सिगनल स्टाफ द्वारा अनुरक्षण अथवा मरम्मत कार्यों के लिए अपेक्षित हो तो स्टेशन मास्टर द्वारा बैक कवर को खोलना अथवा लॉक करना।

झ. "मेन्टेनर की बैक कवर लॉक"- चाभी- अनुरक्षण अथवा मरम्मत कार्यों के लिए अधिकृत सिगनल स्टाफ द्वारा बैक कवर को खोलना अथवा लॉक करना, बशर्ते उपरोक्त पैरा (ज) के अनुसार स्टेशन मास्टर की बैक कवर लॉक की चाभी भी लगाई जाएगी।

इ. काउंटर एवं बज़र:

क. काउंटर: "लाइन क्लियर" रद्दीकरण की संख्या को दर्ज करने के लिए काउंटर की व्यवस्था की जाती है।

ख. बज़र: दूसरे छोर के स्टेशन मास्टर द्वारा भेजी गई कॉल अटेंशन एवं गाड़ी द्वारा लाइन भरे होने अथवा खाली होने की जानकारी दर्ज करने के लिए ऑडियो अलार्म की व्यवस्था होती है।

4.5 ब्लॉक टेलीफोन:

ब्लॉक सेक्शन के दूसरे छोर के स्टेशन मास्टर के पास स्पीच कम्यूनिकेशन के लिए व्यवस्था होती है। प्रत्येक ब्लॉक सेक्शन के लिए अलग ब्लॉक टेलीफोन की व्यवस्था होती है।

4.6 सिंगल सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर की सदैव उपलब्धता:

ब्लॉक सेक्शन में गाड़ी के होने के सत्यापन के साथ-साथ अंतिम वाहन के सत्यापन के लिए इसकी व्यवस्था होती है।

4.7 परिचालन प्रक्रिया:-

(क) स्टेशनों के बीच गाड़ी प्राप्त करने और भेजने के संचालन कार्यों का क्रम:-

यदि ब्लॉक सेक्शन क्लियर है और दोनों स्टेशनों के ब्लॉक पैनल पर "लाइन बंद है" संकेत प्रदर्शित होता है, तो गाड़ी भेजने वाले स्टेशन के स्टेशन मास्टर द्वारा निम्नानुसार कार्रवाई की जाएगी :-

भेजने वाले स्टेशन पर		प्राप्ति वाले स्टेशन पर	
	लाइन बंद है शर्त के तहत, निम्नलिखित संकेत ऑन होते हैं:- "लाइन बंद है" – पीला, एसएनके (डी)- पीला, एसएनओईके-पीला, लाइन फ्री – हरा, अंतिम रोक सिगनल – लाल, कम्यूनिकेशन लिंक फेल – ऑफ एलसीबी की-इन		लाइन बंद है शर्त के तहत, निम्नलिखित संकेत ऑन होते हैं:- "लाइन बंद है" – पीला, एसएनके (आर)- पीला, एसएनओईके -पीला, लाइन फ्री – हरा, कम्यूनिकेशन लिंक फेल – ऑफ एलसीबी की-इन
1	स्टेशन मास्टर भेजने वाले स्टेशन पर अपनी एसएम-की इंसर्ट करता है और इन पोजिशन में घूमाता है। स्टेशन मास्टर-की – हरा।		
2	स्टेशन मास्टर 'बेल' बटन द्वारा प्राप्ति वाले स्टेशन को 'कॉल अटेंशन' सिगनल भेजता है।	3	स्टेशन मास्टर प्राप्ति वाले स्टेशन पर अपनी एसएम-की इंसर्ट करता है और इन पोजिशन में घूमाता है। स्टेशन मास्टर 'बेल' बटन दबाकर पावती देता है और टेलीफोन अटेंड करता है।
4	स्टेशन मास्टर दूसरे छोर के स्टेशन मास्टर को टेलीफोन पर गाड़ी के संचालन के आशय की जानकारी देता है और प्राइवेट नंबर के आदान-प्रदान के माध्यम से निर्धारित बेल कोड दबाकर लाइन क्लियर की मांग करता है।	5	स्टेशन मास्टर प्राप्ति वाले स्टेशन पर गाड़ी के संचालन के आशय की जानकारी के आदान-प्रदान के बाद अपनी सहमति देता है और साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि ब्लॉक पैनल पर निम्नलिखित संकेत प्रदर्शित हो रहे हों:- "लाइन बंद है" –पीला, एसएनके (आर)-पीला, एसएनओईके-पीला, लाइन फ्री-हरा, कम्यूनिकेशन लिंक फेल – ऑफ, एलसीबी की-इन
6	स्टेशन मास्टर बेल एवं ट्रेन..को जा रही है बटन तब तक दबाता है, जब तक 'ट्रेन ..को जा रही है' एरोहैड संकेत हरा प्रकाशित नहीं हो जाता और 'लाइन बंद है' संकेत ऑफ नहीं हो जाता।	7	'लाइन बंद है' संकेत ऑफ हो जाता है और 'ट्रेन ..से आ रही है' एरोहैड संकेत हरे रंग में प्रकाशित हो जाता है।
8	बेल और ट्रेन..को जा रही है, बटनों को रिलीज करता है।		
9	अंतिम रोक सिगनल 'ऑफ' करता है। गाड़ी ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करती है। अंतिम रोक सिगनल बदलकर 'ऑन' हो जाता है। लाइन व्यस्त है संकेत लाल हो जाता है।	10	लाइन व्यस्त है संकेत लाल हो जाता है।
	सेक्शन का बज़र बजना शुरु हो जाता है। और 'ट्रेन ..को जा रही है'		सेक्शन का बज़र बजना शुरु हो जाता है और 'ट्रेन ..से आ रही है'

	एरोहैड संकेत लाल हो जाता है। एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है। एसीकेएन बटन को दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है। अंतिम रोक सिगनल कंट्रोल को वापस सामान्य स्थिति में करता है। सुनिश्चित करता है कि एसएनके (डी) प्रकाशित होकर पीला हो जाता है।		एरोहैड संकेत लाल हो जाता है। एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है। एसीकेएन बटन को दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है। एसएनओईके बटन पीला प्रकाशित हो जाता है। गाड़ी लेने के लिए रिसेप्शन सिगनल 'ऑफ' किया जाता है। गाड़ी होम सिगनल से गुजरती है। होम सिगनल बदलकर 'ऑन' होता है। गाड़ी ब्लॉक सेक्शन को क्लियर करती है।
11	सेक्शन बजर बजना शुरु कर देता है एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है। लाइन फ्री संकेत हरा हो जाता है। ''ट्रेन को जा रही ... है'' एरो हेड संकेत चमकीला हरा हो जाता है। एसीकेएन बटन को दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है।	12	सेक्शन बजर बजना शुरु कर देता है एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है। लाइन फ्री संकेत हरा हो जाता है। 'ट्रेन ..से आ रही है' एरोहैड संकेत बदलकर चमकीला हरा हो जाता है। एसीकेएन बटन को दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है।
13	एसएनओईके प्रकाशित होकर पीला हो जाता है। `ट्रेन ..को जा रही है' एरोहैड संकेत ऑफ हो जाता है।  `लाइन बंद है' संकेत प्रकाशित हो जाता है।	14	गाड़ी को लेने के लिए समस्त कंट्रोल बदलकर सामान्य करता है। एसएनके (आर) प्रकाशित होकर पीला हो जाता है। `ट्रेन ..से आ रही है' एरोहैड संकेत ऑफ हो जाता है। `लाइन बंद है' संकेत प्रकाशित हो जाता है।

(ख) '"लाइन क्लियर" इन्क्वायरी की मनाही के लिए शर्तें:

जब ब्लॉक सेक्शन में कोई गाड़ी के होने अथवा गाड़ी के विभाजित होने अथवा शंटिंग अथवा सेक्शन के मध्य समपार फाटक के खुलने अथवा किसी अन्य कारणवश अवरुद्ध हो जाता है, तो एलसीबी चाबी बाहर निकाल लिया जाएगा और उसे सुरक्षित रखा जाएगा।

यदि दूसरी ओर का ब्लॉक स्टेशन "क्या लाइन क्लियर है" इन्क्वायरी सिगनल के लिए मना कर देता है, तो किसी भी गाड़ी को प्रस्थान नहीं करने दिया जाएगा जब तक कि दूसरे छोर के ब्लॉक स्टेशन को एक नया "क्या लाइन क्लियर है" इन्क्वायरी सिगनल न दे दिया जाता हो और उसके द्वारा स्वीकार न कर लिया गया हो।

अवरोध हटाए जाने पर, एलसीबी चाबी इंसर्ट की जाएगी और उसे इन पोजिशन में घुमाया जाएगा। स्टेशन मास्टर तत्काल दूसरे छोर के स्टेशन मास्टर को इस तथ्य की जानकारी देगा ताकि वह उसे एक नई "क्या लाइन क्लियर है" इन्क्वायरी भेज सके।

(ग) “लाइन क्लियर” रद्दीकरण की कार्रवाई का क्रम:

गाड़ी भेजने वाले स्टेशन द्वारा “लाइन क्लियर” प्राप्त कर लेने के बाद, गाड़ी प्राप्ति वाला स्टेशन दूसरे छोर के स्टेशन की सहमति से “लाइन क्लियर” को रद्द कर सकता है।

भेजने वाले स्टेशन पर		**प्राप्ति वाले स्टेशन पर**	
1	यदि पहले `ऑफ’ किया गया हो, तो अंतिम रोक सिगनल वापस `ऑन’ किया जाता है, सुनिश्चित करें कि एसएनके संकेत पीला हो जाता है। निर्धारित बेल कोड के साथ प्राइवेट नंबर का आदान-प्रदान करते हुए गाड़ी प्राप्ति वाले स्टेशन के स्टेशन मास्टर रद्दीकरण की सूचना टेलीफोन पर दिया जाता है।	2	लाइन क्लियर रद्दीकरण के अनुरोध के लिए सहमत होता है, सुनिश्चित करता है कि एसएनके संकेत पीला और एसएनओईके संकेत पीला हो जाता हो और निर्धारित बेल कोड के बाद रद्दीकरण की सहमति टेलीफोन पर देता हो।
3.	कैंसल को-ऑप बटन दबाएं और बेल कोड की प्राप्ति के बाद रिलीज करें।	4.	कैंसिल को-ऑप संकेत पीला होने तक प्रतीक्षा करें, और एसएम-की (चाभी) के ‘इन’ होने के साथ बेल एवं कैंसल बटन दबाएं। कैन्सल काउंटर की गणना बढ़ जाएगी । ‘ट्रेन ..से आ रही है’ संकेत चमकीला हरा हो जाता है। रद्दीकरण संकेत प्रकाशित होकर चमकीला पीला हो जाता है एवं 120 सेकेंड तक चमकता रहता है।
5.	‘ट्रेन ..को जा रही है’ संकेत बदलकर हरा हो जाता है।	6.	120 सेकेंड की समाप्ति पर, ‘ट्रेन ..से आ रही है’ संकेत एवं रद्दीकरण संकेत ऑफ हो जाता है। “लाइन बंद है” संकेत प्रकाशित हो जाता है।
7.	‘ट्रेन ..को जा रही है’ संकेत संकेत ऑफ हो जाता है। “लाइन क्लोज्ड” संकेत प्रकाशित हो जाता है।		

(घ) “पुश बैक” ऑपरेशन के बाद ब्लॉक क्लोजिंग के लिए कार्रवाई का क्रम:

गाड़ी भेजने वाले स्टेशन तक गाड़ी को पुश बैक किए जाने के बाद, गाड़ी भेजने वाले स्टेशन द्वारा प्राप्ति वाले स्टेशन को सूचित किया जाता है। गाड़ी प्राप्ति वाला स्टेशन बेल और कैंसल बटन दबाकर गाड़ी भेजने वाले स्टेशन के सहयोग से सेक्शन को बंद करता है।

भेजने वाले स्टेशन पर		प्राप्ति वाले स्टेशन पर	
1.	गाड़ी ब्लॉक सेक्शन को क्लियर करती है। लाइन फ्री संकेत हरा हो जाता है। सेक्शन बजर बजना आरंभ हो जाता है।	2.	गाड़ी ब्लॉक सेक्शन को क्लियर करती है। लाइन फ्री संकेत हरा हो जाता है। सेक्शन बजर बजना आरंभ हो जाता है।

	एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है। 'ट्रेन ..को जा रही है' एरोहैड चमकीला हरा हो जाता है। एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती दें। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है। एसएनके संकेत पीला हो गया है, इसे सुनिश्चित करें।		एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है। 'ट्रेन ..से आ रही है' एरोहैड चमकीला हरा हो जाता है। एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती दें। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है।
3.	निर्धारित बेल कोड के बाद प्राप्ति वाले स्टेशन के स्टेशन मास्टर को रद्दीकरण के बारे में टेलीफोन पर सूचित करता है।	4.	अनुरोध पर सहमति देता है, सुनिश्चित करता है कि एसएनके संकेत पीला हो और एसएनओईके संकेत भी पीला हो और निर्धारित बेल कोड के बाद टेलीफोन पर अपनी सहमति देता है।
5.	दूसरे छोर के स्टेशन मास्टर की मौखिक सहमति के बाद सुनिश्चित करता है कि एसएनके संकेत पीला हो और एसएनओईके संकेत भी पीला हो।		
6.	कैंसल को-ऑप बटन को दबाता है और बेल कोड की प्राप्ति के बाद उसे रिलीज करता है।	7.	कैंसल को-ऑप संकेत के पीला होने की प्रतीक्षा करता है और एसएम-की (चाभी) के 'इन' स्थिति में करके बेल एवं कैंसल बटन को दबाता है। कैन्सल काउंटर की गणना बढ़ जाता है। कैंसल संकेत चमकीला पीला प्रकाशित होता है और 120 सेकेंड तक प्रकाशित रहता है।
8.	'ट्रेन ..को जा रही है' संकेत ऑफ हो जाता है। "लाइन बंद है" संकेत प्रकाशित हो जाता है।	9.	120 सेकेंड की समाप्ति पर ट्रेन..से रही है संकेत एवं कैंसल संकेत ऑफ हो जाते हैं। "लाइन बंद है" संकेत प्रकाशित हो जाता है।

(ङ) ब्लॉक बैक ऑपरेशन के लिए कार्रवाई का क्रम:

स्टेशन मास्टर, जो लाइन को ब्लॉक बैक करना चाहता हो, पिछले स्टेशन के स्टेशन मास्टर को टेलीफोन पर सूचना देते हुए ब्लॉक बैक की अनुमति मांगेगा, जो इस संदेश की पावती देगा और एक प्राइवेट नंबर की सहायता से अनुमति प्रदान करेगा। स्टेशन मास्टर जो लाइन को ब्लॉक बैक करना चाहता हो, एलसीबी चाबी को बाहर निकाल लेगा और उसे अपनी सुरक्षा में रखेगा। इसके बाद स्टेशन मास्टर ब्लॉक सेक्शन में शंटिंग करने वाले लोको पायलट को आवश्यक प्राधिकार जारी करेगा।

शंटिंग पूरी हो जाने के बाद, सेक्शन के क्लियर होने का संदेश पिछले स्टेशन के स्टेशन मास्टर को एक प्राइवेट नंबर की सहायता से टेलीफोन पर दिया जाएगा कि अवरोध हटा लिया गया है, इसके बाद वह एक प्राइवेट नंबर की सहायता से उसकी पावती देगा। तत्पश्चात् स्टेशन मास्टर एलसीबी चाबी इंसर्ट करेगा और `इन' पोजिशन में घुमाएगा।

इस कार्रवाई सबंधी सभी प्रविष्टियां ट्रेन सिगनल रजिस्टर (TSR) लाल स्याही से की जानी चाहिए। ब्लॉक बैक के कारणों को प्रत्येक प्रविष्टि के समक्ष टिप्पणी वाले कॉलम में दर्ज किया जाएगा।

ब्लॉक बैक मांगने वाला स्टेशन		पिछला स्टेशन	
1	सुनिश्चित करें कि ब्लॉक पैनल पर निम्नलिखित प्रकाशित हो रहे हो; लाइन बंद है – पीला लाइन फ्री – हरा एसएनओईके-पीला	2	सुनिश्चित करें कि ब्लॉक पैनल पर निम्नलिखित प्रकाशित हो रहे हों; लाइन बंद है – पीला लाइन फ्री – हरा एसएनके-पीला
3	स्टेशन मास्टर एसएम-की (चाभी) इंसर्ट करता है और इन पोजिशन में घुमाता है। कॉल अटेंशन देता है / टेलीफोन सिगनल अटेंड करता है।	4	कॉल अटेंशन की पावती देता है/ टेलीफोन सिगनल अटेंड करता है।
5	टेलीफोन अटेंड करता है।	6	टेलीफोन अटेंड करता है।
7	सेक्शन में शंटिंग के लिए ब्लॉक बैक के आशय की सूचना देता है।	8	प्राइवेट नंबर का आदान-प्रदान करके पावती और सहमति देता है।
9	एलसीबी चाबी 'बाहर' निकालता है और उसे सुरक्षित रखता है। ब्लॉक सेक्शन में शंटिंग के लिए गाड़ी के लोको पायलट को आवश्यक प्राधिकार जारी करता है।		
10	ब्लॉक सेक्शन में गाड़ी के प्रवेश करने पर बज़र बजना शुरु हो जाता है और एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है।	11	ब्लॉक सेक्शन में गाड़ी के प्रवेश करने पर बज़र बजना शुरु हो जाता है और एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है।
	लाइन अवरुद्ध है संकेत लाल हो जाता है। लाइन बंद है संकेत ऑफ हो जाता है।		लाइन अवरुद्ध है संकेत लाल हो जाता है। लाइन बंद है संकेत ऑफ हो जाता है।
	एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है।		एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है।
12	ब्लॉक सेक्शन के क्लियर होने पर बज़र बजना शुरु हो जाता है एवं लाइन बंद है संकेत प्रकाशित हो जाता है। एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है।	13	ब्लॉक सेक्शन के क्लियर होने पर बज़र बजना शुरु हो जाता है एवं लाइन बंद है संकेत प्रकाशित हो जाता है। एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है।
	लाइन फ्री संकेत हरा हो जाता है। लाइन बंद है संकेत पीला हो जाता है।		लाइन फ्री संकेत हरा हो जाता है। लाइन बंद है संकेत पीला हो जाता है।
	बज़र की पावती एसीकेएन बटन को दबाकर देता है।		बज़र की पावती एसीकेएन बटन को दबाकर देता है।
14	शंटिंग पूरी होने पर स्टेशन मास्टर विपरीत दिशा का स्टार्टर (यदि कोई है)/शंट सिगनल लिमिट बोर्ड / फाउलिंग मार्क /प्रथम रोक सिगनल के बीच के भाग का सत्यापन करता है कि वहाँ कोई वाहन तो नहीं है।	15	कॉल अटेंशन कि पावती देता है / टेलीफोन सिगनल अटेंड करता है।

16	टेलीफोन अटेंड करता है।	17	टेलीफोन अटेंड करता है।
18	प्राइवेट नंबर के आदान-प्रदान के द्वारा शंटिंग के पूरा होने की पावती देता है।	19	प्राइवेट नंबर के आदान-प्रदान के द्वारा शंटिंग के पूरा होने की जानकारी प्राप्त करता है।
20	एलसीबी चाबी को इंसर्ट करता है और इसे इन पोजिशन में घुमाता है।		

(च)ब्लॉक फॉरवर्ड के लिए कार्रवाई का क्रम:

स्टेशन मास्टर, जो लाइन को ब्लॉक फॉरवर्ड करना चाहता हो, अगले स्टेशन के स्टेशन मास्टर को टेलीफोन पर सूचना देते हुए ब्लॉक फॉरवर्ड की अनुमति मांगेगा, जो इस संदेश की पावती देगा और एक प्राइवेट नंबर की सहायता से अनुमति प्रदान करेगा। अगले स्टेशन का स्टेशन मास्टर एलसीबी चाबी को बाहर निकाल लेगा और उसे अपनी अभिरक्षा में रखेगा। इसके बाद स्टेशन मास्टर ब्लॉक सेक्शन में शंटिंग करने वाले लोको पायलट को आवश्यक प्राधिकार जारी करेगा।

शंटिंग पूरी हो जाने के बाद, सेक्शन के क्लियर होने का संदेश अगले स्टेशन के स्टेशन मास्टर को एक प्राइवेट नंबर की सहायता से टेलीफोन पर दिया जाएगा कि अवरोध हटा लिया गया है, इसके बाद वह एक प्राइवेट नंबर की सहायता से उसकी पावती देगा। तत्पश्चात् अगले स्टेशन का स्टेशन मास्टर एलसीबी चाबी इंसर्ट करेगा और `इन' पोजिशन में घुमाएगा।

इस कार्रवाई सबंधी सभी प्रविष्टियां ट्रेन सिगनल रजिस्टर (TSR) में लाल स्याही से की जानी चाहिए। ब्लॉक फॉरवर्ड के कारणों को प्रत्येक प्रविष्टि के सामने वाले कॉलम में टिप्पणी के रूप में दर्ज किया जाएगा।

ब्लॉक फॉरवर्ड मांगने वाला स्टेशन		अगला स्टेशन	
1	ब्लॉक पैनल पर प्रदर्शित होता है; लाइन बंद है – पीला लाइन फ्री – हरा	2	ब्लॉक पैनल पर प्रदर्शित होता है; लाइन बंद है – पीला लाइन फ्री – हरा
3	एसएम -की (चाभी) इंसर्ट करता है और 'इन' पोजिशन में घुमाता है। कॉल अटेंशन देता है / टेलीफोन सिगनल अटेंड करता है।	4	कॉल अटेंशन की पावती देता है/ टेलीफोन सिगनल अटेंड करता है।
5	टेलीफोन अटेंड करता है।	6	टेलीफोन अटेंड करता है।
7	ब्लॉक सेक्शन में शंटिंग के लिए आशय की सूचना देता है।	8	प्राइवेट नंबरों का आदान-प्रदान करके पावती और सहमति देता है।
9	ब्लॉक सेक्शन में शंटिंग के लिए गाड़ी के लोको पायलट को आवश्यक प्राधिकार जारी करता है	10	एलसीबी चाबी बाहर निकाल ली जाती है और सुरक्षित रखी जाती है।
11	गाड़ी के ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश कर लेने के बाद, सेक्शन बज़र बजना शुरु हो जाता है और लाइन क्लोज संकेत बदलकर पीला हो जाता है।	12	गाड़ी के ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश कर लेने के बाद, सेक्शन बज़र बजना शुरु हो जाता है और लाइन क्लोज संकेत बंद हो जाता है। एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है।

	एसीकेएन संकेत प्रकाशित हो जाता है। लाइन फ्री संकेत लाल हो जाता है। एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है।		लाइन फ्री संकेत लाल हो जाता है। एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है।
13	ब्लॉक सेक्शन के क्लियर होने पर बज़र बजना शुरु हो जाता है और लाइन क्लियर संकेत प्रकाशित होकर पीला हो जाता है। एसीकेएन संकेत पीला हो जाता है। लाइन फ्री है संकेत हरा हो जाता है। एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है।	14	ब्लॉक सेक्शन के क्लियर होने पर बज़र बजना शुरु हो जाता है और लाइन क्लियर संकेत प्रकाशित होकर पीला हो जाता है। एसीकेएन संकेत पीला हो जाता है। लाइन फ्री है संकेत हरा हो जाता है। एसीकेएन बटन दबाकर बज़र की पावती देता है। एसीकेएन संकेत ऑफ हो जाता है।
15	शंटिंग पूरी होने पर स्टेशन मास्टर स्टार्टर/शंट सिगनल/रोक बोर्ड/ फाउलिंग मार्क और अंतिम रोक सिगनल के बीच लाइन साफ होने का सत्यापन करता है कि वहां कोई वाहन तो नहीं है। एसएम-की (चाभी) इंसर्ट करता है और 'इन' पोजिशन में घुमाता है। कॉल अटेंशन देता है / टेलीफोन सिगनल अटेंड करता है।	16	कॉल अटेंशन की पावती देता है / टेलीफोन सिगनल अटेंड करता है।
17	टेलीफोन अटेंड करता है।	18	टेलीफोन अटेंड करता है।
19	प्राइवेट नंबर के आदान-प्रदान से सूचित करता है कि शंटिंग कार्य पूरा हो गया है।	20	प्राइवेट नंबर के आदान-प्रदान से शंटिंग कार्य पूरा होने की सूचना की पावती देता है।
		21	एलसीबी चाबी इंसर्ट करता है और `इन' पोजिशन घुमाता है।

4.8 गाड़ियों की शंटिंग:

जहां ब्लॉक सेक्शन की ओर लिडिंग लाइन पर शंटिंग के लिए शंट सिगनल की व्यवस्था नहीं होती, वहां शंटिंग कार्य शुरु करने से पहले शंटिंग ट्रेन के लोको पायलट को स्टार्टर सिगनल/रोक बोर्ड/फाउलिंग मार्क के समीप शंटिंग आदेश दिया जाएगा।

4.9 अंतिम रोक सिगनल तक ट्रेन की शंटिंग:

शंटिंग करते समय, प्रस्थान लाइन पर अंतिम रोक सिगनल को 'ऑन' रखा जाएगा। एस एम- की (चाभी) बाहर निकाल ली जाएगी। शंटिंग ट्रेन के लोको पायलट को अंतिम रोक सिंगनल तक शंटिंग करने के लिए शंटिंग आदेश प्रदान किया जाता है। शंटिंग पूरी हो जाने के बाद, स्टार्टर/ शंट सिगनल/ रोक बोर्ड/ फाउलिंग मार्क और अंतिम रोक सिगनल के बीच लाइन की जांच की जाएगी कि वहां कोई वाहन तो नहीं है। एस एम- की (चाभी)इंसर्ट की जाती है और उसे इन पोजिशन में घुमाया जाता है।

4.10 किसी गाड़ी के पीछे अंतिम रोक सिगनल तक शंटिंग:

किसी गाड़ी के पीछे शंटिंग करने के लिए अगले स्टेशन को संदेश दिया जाता है। अगला स्टेशन एलसीबी चाबी बाहर निकाल लेता है और उसे सुरक्षित रखता है। शंटिंग कार्य पिछले पैरा के अनुसार किए जाते हैं। शंटिंग पूरी हो जाने के बाद, गाड़ी भेजने वाले स्टेशन का स्टेशन मास्टर यह सत्यापित करता है कि स्टार्टर/शंट सिगनल/रोक बोर्ड/फाउलिंग मार्क और अंतिम रोक सिगनल के बीच कोई वाहन तो नहीं है। शंटिंग के पूरा होने का संदेश अगले स्टेशन को भेजा जाता है। अगले स्टेशन का स्टेशन मास्टर एलसीबी चाबी इंसर्ट करता है और इन पोजिशन में घुमाता है।

4.11 अंतिम रोक सिगनल के बाहर गाड़ी की शंटिंग:

डीएफसीआर-सा.नि. नियम 82 के अनुसार शंटिंग ब्लॉक फॉरवर्ड के संरक्षण में ही की जाती है।

4.12 प्रथम रोक सिगनल के बाहर गाड़ी की शंटिंग:

डीएफसीआर-सा.नि. नियम 82 के अनुसार शंटिंग ब्लॉक बैक के संरक्षण में ही की जाती है।

4.13 किसी आने वाली गाड़ी के सामने गाड़ी की शंटिंग:

किसी आने वाली गाड़ी के सामने गाड़ी की प्राप्ति वाली लाइन पर कोई शंटिंग नहीं की जाएगी, जब तक कि आने वाली गाड़ी को स्टेशन के प्रथम रोक सिगनल पर खड़ी न हो गयी हो । जब कभी ऐसी शंटिंग करनी हो, तो एलसीबी को निकाल लिया जाता है और उसे सुरक्षित रखा जाता है। शंटिंग ट्रेन के लोको पायलट को प्रथम रोक सिगनल तक शंटिंग करने के लिए शंटिंग आदेश जारी किया जाता है। शंटिंग के पूरा हो जाने के बाद स्टार्टर/शंट सिगनल/स्टॉप बोर्ड/फाउलिंग मार्क और प्रथम रोक सिगनल के बीच लाइन की जांच की जाती है कि वहां कोई वाहन तो नहीं है और उसके बाद ही एलसीबी चाबी इंसर्ट की जाती है तथा इन पोजिशन में घुमायी जाती है।

4.14 ब्लॉक विफलताएं:-

ब्लॉक विफलताओं को निम्नलिखित श्रेणियों में रखा जा सकता है:-

(क) ब्लॉक पैनल की विफलता।
(ख) अंतिम रोक सिगनल की विफलता।

(क) ब्लॉक पैनल की विफलता:

अप और/अथवा डाउन लाइन की गाड़ियों, जैसा भी मामला हो, के लिए ब्लॉक पैनल निम्नलिखित स्थितियों में विफल माना जाएगा -

(i) जब ब्लॉक पैनल पर किसी भी तरह का कोई संकेत नहीं दिखाई देता हो।
(ii) जब ब्लॉक पैनल पर कोई भी संकेत अर्थात् 'लाइन फ्री' अथवा 'लाइन व्यस्त है' के अलावा 'ट्रेन..से आ रही है'/ट्रेन..को जा रही है' प्रदर्शित नहीं होता हो।

(iii) जब ब्लॉक सेक्शन में किसी गाड़ी ने प्रवेश न किया हो किंतु ब्लॉक पैनल पर एक लाल संकेत दिखाता हो कि 'लाइन व्यस्त है'। यह लाल संकेत तब भी दिखता है, जब एक्सल काउंटर की रीसैटिंग निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार करने का प्रयाश किया गया हो ।

(iv) जब उचित कार्रवाई के बाद भी "लाइन क्लियर" मांगे जाने और "लाइन क्लियर" दिए जाने की शर्त के पूरा करने के माध्यम से भी "ट्रेन..को जा रही है" अथवा "ट्रेन..से आ रही है" संकेत प्रदर्शित नहीं होते।

(v) जब गाड़ी के ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करने के बाद भी दोनों ओर के स्टेशनों पर "ट्रेन..ऑन लाइन है" संकेत प्रदर्शित नहीं होते।

(vi) जब कोई गाड़ी, गाड़ी प्राप्ति वाले स्टेशन पर आ चुकी हो किंतु ब्लॉक पैनल अभी भी "ट्रेन ऑन लाइन' का लाल संकेत अथवा "लाइन व्यस्त है" का लाल संकेत दिखाता हो और यह संकेत रीसेटिंग के बाद भी उभरता है जब एक्सल काउंटर की रीसैटिंग निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार करने का प्रयाश किया गया हो

(vii) संचार की पूर्ण विफलता के दौरान गाड़ियां का संचालन ब्लॉक संचालन नियमावली में उल्लेखित नियमानुसार होगा।

(viii) ब्लॉक उपकरण अर्थात् ब्लॉक पैनल, एक्सल काउंटर उपकरण, रेलपथ उपकरण, यूएफएसबीआई, केबल इत्यादि में देखी गई अथवा रिपोर्ट की गई कोई क्षति।

(ix) जब अंतिम रोक सिगनल को उसके निलंबन/डिस्कनेक्शन के दौरान "ऑन" पोजिशन में नहीं रखा जा सकता हो।

(x) जब ब्लॉक सेक्शन में किसी गाड़ी के प्रवेश करने के समय स्टेशन के अंतिम रोक सिगनल को 'ऑन' पोजिशन में नहीं लाया जा सकता हो।

(xi) जब बेल कोड सिगनल अस्पष्ट तौर पर प्राप्त होते हों अथवा प्राप्त नहीं होते हों।

टिप्पणी:-

(i) उपरोक्त सभी मामलों में, ब्लॉक पैनल खराब माना जाएगा, ब्लॉक वर्किंग निलंबित कर दी जाएगी और गाड़ी के लिए विद्युतीय/कम्यूनिकेशन यंत्र पर लाइन क्लियर लेते हुए कार्रवाई की जाएगी और डीएफसीआर-सा.नि. के नियम 217 प्रावधानों का अनुपालन एवं ब्लॉक संचालन नियमावली की निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए किया जाएगा।

(ii) उपरोक्त पैरा की मद सं. (क) (vii) में उल्लिखित विफलता के संबंध में, गाड़ियों का संचालन ब्लॉक संचालन नियमावली में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए किया जाएगा।

(iii) उपरोक्त पैरा (क) की मद सं. (v), (ix) और (x) में उल्लिखित विफलता के संबंध में, गाड़ी के लिए अंतिम रोक सिगनल को "ऑन" पोजिशन में रखे जाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा । यदि ऐसा संभव नहीं होता, तो एक सक्षम कर्मचारी को लाल हैंड सिगनल के साथ अंतिम रोक सिगनल के पास तैनात किया जाना चाहिए, जो आने वाली गाड़ियों के लोको पायलट को सचेत करेगा। इसके अतिरिक्त, संबन्धित दिशाओं से चलने वाली सभी गाड़ियों को उचित प्राधिकार के साथ अंतिम रोक सिगनल पार करने के लिए अधिकृत किया जाएगा।

(iv) ब्लॉक पैनल की सामान्य वर्किंग तब तक शुरू नहीं किया जाएगा जब तक कि किसी सक्षम सिगनलिंग कर्मचारी द्वारा उसका परीक्षण नहीं कर लिया गया हो और वह उसे सामान्य कार्य के लिए फिट न घोषित कर दिया गया हो।

(ख) अंतिम रोक सिगनल की विफलता:

अंतिम रोक सिगनल अप अथवा डाउन दोनों दिशाओं, जैसा भी मामला हो, निम्नलिखित मामलों में विफल माना जाएगा:-

(i) अंतिम रोक सिगनल 'ऑफ' नहीं हो रहा हो, भले ही लाइन क्लियर प्राप्त कर लिया गया हो।

(ii) अंतिम रोक सिगनल बिना लाइन क्लियर लिए ही ऑफ किया जा सके।

(iii) गाड़ी के ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश कर लेने के बाद अंतिम रोक सिगनल वापस “ऑन” पोजिशन में नहीं आ रहा हो।

उपरोक्त पैरा (क) और (ख) में दर्शाए गए सभी मामलों में विफलता की जानकारी तत्काल सिगनलिंग स्टाफ को दी जानी चाहिए।

टिप्पणी:

उपरोक्त पैरा (ख) (ii) एवं (iii) में उल्लिखत मामलों के संबंध में, ब्लॉक पैनल की विफलताओं के मामले में उपरोक्त पैरा (क) की टिप्पणी सं. (iii) एवं (iv) में उल्लिखित सावधानियों का कड़ाई से अनुपालन किया जाना चाहिए।

4.15 ब्लॉक पैनल वर्किंग/अंतिम रोक सिगनल का निलंबन:-

ब्लॉक पैनल वर्किंग/अंतिम रोक सिगनल को गाड़ी के संचालन के लिए निलंबित कर देना चाहिए और गाड़ियों का संचालन निम्न निर्धारित निर्देशों के अनुसार किया जाना चाहिए -

(क) ब्लॉक पैनल का निलंबन:-

ब्लॉक पैनल को अप और डाउन दोनों दिशाओं के लिए, जैसा भी मामला हो, निम्नलिखित मामलों में निष्क्रिय समझा जाएगा और उसके माध्यम से गाड़ी संचालन का कार्य निलंबित कर दिया जाएगा:-

(i) जब सेक्शन में सामग्री लिए लॉरियां, मोटर ट्रॉलियां, रेलपथ मशीनें, रेल-सह-सड़क वाहन, रेल मोटर, टावर वैगन चलाए जाने हों, तो इनके लिए लिखित प्राधिकार देकर संचालित किया जाएगा।

(ii) असामान्य गतिविधि अर्थात् दोहरी लाइन पर इकहरी लाइन का कार्य अथवा सेक्शन के मध्य कोई दुर्घटना।

(iii) जब मरम्मत के लिए ब्लॉक उपकरण का कोई हिस्सा खोला जाता हो तो यह कार्य स्वीकृत डिसकनेक्शन मेमो के तहत ही किया जाना चाहिए। डीएफसीसीआईएल के मौजूदा नियमानुसार ब्लॉक पैनल वर्किंग केवल अधिकृत स्टाफ द्वारा ही शुरू की जानी चाहिए।

(ख) अंतिम रोक सिगनल का निलंबन:-

निम्नलिखित मामलों में अंतिम रोक सिगनल निष्क्रिय माना जाएगा और उसे कार्य में नहीं लिया जाएगा :-

(i) जब अंतिम रोक सिगनल मरम्मत कार्य के लिए सिगनल विभाग द्वारा अपने अधिकार में ले लिया गया हो।

(ii) ब्लॉक फॉरवर्ड और ब्लॉक बैक के दौरान।

(iii) दोहरी लाइन पर इकहरी लाइन सेक्शन के कार्य के दौरान किसी आपात स्थिति जैसे सेक्शन के मध्य दुर्घटना अथवा अन्य किसी कारण से ।

(iv) जब सेक्शन में सामग्री लिए लॉरियां, मोटर ट्रॉलियां, रेलपथ मशीनें, रेल-सह-सड़क वाहन, रेल मोटर/टावर वैगन चलाए जाने हों।

टिप्पणी:

उपरोक्त पैरा (क) एवं (ख) में सूचीबद्ध मामलों के संबंध में, जैसे ही ब्लॉक वर्किंग / अंतिम रोक सिगनल को निष्क्रिय होने का कारण दूर कर दिया जाता है। स्टेशन मास्टर द्वारा सामान्य कार्यप्रणाली शुरू की जा सकती है।

4.16 ब्लॉक पैनल/ अंतिम रोक सिगनल की विफलता की स्थिति में गाड़ियों का संचालन

(क) ब्लॉक पैनल की विफलता:-

जब ब्लॉक पैनल विफल हो जाए, तो लाइन क्लियर विद्युतीय/संचार उपकरण पर प्राप्त की जानी चाहिए और डीएफसीआर-सा.नि. के नियम 217 तथा ब्लॉक संचालन नियमावली में निर्धारित प्रक्रिया के प्रावधानों के अनुसार की

जानी चाहिए। स्टेशन मास्टर पेपर लाइन क्लियर प्राधिकार जारी करेगा जिस पर अगले स्टेशन से लाइन क्लियर के लिए प्राप्त प्राइवेट नंबर को ठीक प्रकार से दर्शाया जाएगा।

(ख) अंतिम रोक सिगनल की विफलता जब ब्लॉक पैनल चालू हालत में हो:-

यदि उपकरण को 'ट्रेन..को जा रही है' स्थिति में सेट करने के बाद भी अंतिम रोक सिगनल को ऑफ नहीं किया जा सकता हो तो ब्लॉक पैनल की कार्यप्रणाली को निलंबित करने की आवश्यकता नहीं होती, बशर्ते, ब्लॉक पैनल अन्यथा चालू हालत में हो। ऐसे मामले में, लाइन क्लियर सामान्य तौर पर ब्लॉक उपकरण के माध्यम से प्राप्त की जानी चाहिए। स्टेशन मास्टर पेपर प्राधिकार तैयार करके अंतिम रोक सिगनल को 'ऑन' स्थिति में पार करने के लिए अधिकृत करेगा, जिस पर यह उद्धृत किया जाएगा कि ब्लॉक पैनल के माध्यम से लाइन क्लियर प्राप्त की गई है। यह लोको पायलट को ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करने का अधिकार देगा।

****

अध्याय -V

नियंत्रित हस्त चालित ब्लॉक

5.1 इकहरी लाइन पर:

एक ब्लॉक स्टेशन द्वारा पिछले ब्लॉक स्टेशन को हाथ से दिशा स्विच चलाकर किसी गाड़ी को लाइन क्लियर दिया जा सकता है, बशर्ते कि ब्लॉक सेक्शन अपनी पूरी लंबाई में ट्रैक सर्किटेड हो अथवा ब्लॉक सेक्शन के दोनों सिरों पर एक्सेल काउंटरों की व्यवस्था हो अथवा कोई दूसरा अनुमोदित ट्रैक वेकेंसी डिटेक्सन प्रणाली एक साधन के रूप में उपलब्ध हो।

5.2 दोहरी लाइन पर:

किसी गाड़ी के लिए एक ब्लॉक स्टेशन द्वारा पिछले ब्लॉक स्टेशन को ट्रैक सर्किटों अथवा एक्सेल काउंटरों अथवा अनुमोदित ट्रैक वेकेंसी डिटेक्सन प्रणाली साधन के माध्यम से स्वतः लाइन क्लियर दिया जा सकता है बशर्ते कि:-

(क) ब्लॉक सेक्शन अपनी पूरी लंबाई में पारंपरिक ट्रैक सर्किट या एक्सेल काउंटरों या कोई अन्य अनुमोदित ट्रैक वेकेंसी डिटेक्सन प्रणाली के द्वारा ट्रैक सर्किटेड हो।

(ख) पिछले ब्लॉक स्टेशन का अंतिम रोक सिगनल इस प्रकार नियंत्रित किया जाता है कि यह ऑफ स्थिति को तब नहीं दिखा सकता जब तक कि ट्रैक सर्किटों या एक्सेल काउंटरों द्वारा आगे के ब्लॉक सेक्शन को खाली नहीं दिखा दिया जाता।

(ग) प्रत्येक ब्लॉक स्टेशन के ब्लॉक पैनल पर दृश्य संकेतकों की व्यवस्था की गई हो जिन पर स्टेशन के पिछले और अगले दोनों ब्लॉक सेक्शनों की स्थिति दिखाई गई हो।

मध्यवर्ती ब्लॉक पोस्ट के मामले में दृश्य संकेतक केवल पिछले ब्लॉक स्टेशन पर लगाये जाते हैं। मध्यवर्ती ब्लॉक पोस्ट पर इनकी व्यवस्था नहीं होती।

5.3 ट्रैक सर्किट:

ट्रैक सर्किट का तात्पर्य ऐसी विद्युत सर्किट से है, जिसकी व्यवस्था रेल पथ के किसी भाग पर वाहन की उपस्थिति का पता लगाने के लिए की जाती है। रेल पथ की पटरियां ट्रैक सर्किट का एक भाग हैं।

5.4 एक्सेल काउंटर:

एक्सेल काउंटर का तात्पर्य एक विद्युत यंत्र से है जिसकी व्यवस्था जब रेल पथ के दो निश्चित स्थलों पर की जाती है तो उससे इन एक्सिलों और आउट एक्सिलों की गणना द्वारा यह सिद्ध हो जाता है कि उपरोक्त दोनों स्थलों के बीच रेल पथ सेक्शन साफ है या अवरुद्ध है।

एक्सेल काउंटर का प्रयोग ट्रैक सर्किट के स्थान पर किया जाता है ताकि रेल पथ के किसी विशेष भाग का क्लियर होना सुनिश्चित किया जा सके।

5.5 इकहरी लाइन के मामले में लाइन क्लियर कार्य संचालन:

(छ) डायरेक्शन स्विच के माध्यम से,

(ज) पुश बटन के माध्यम से

(क) डायरेक्शन स्विच के माध्यम से:

पैनल पर एक डायरेक्शन स्विच लगाया गया है जिसकी एन तथा आर दो स्थितियां होती हैं। डायरेक्शन स्विच के ऊपर दो डायरेक्शन इंडीकेटर टी.जी.टी. और टी.सी.एफ तीर (→) के शक्ल के होते हैं जो ब्लॉक सेक्शन की दशा बताएंगे जैसा कि नीचे दिया गया है:-

(अ) जिस स्टेशन से आ रही गाड़ी है (ट्रेन कमिंग फ्रॉम): लाइन क्लियर देने से पहले ड्यूटी पर स्टेशन मास्टर पैनल से पहले ये सुनिश्चित करेंगे कि ब्लॉक सेक्शन क्लियर है। इसके बाद वह पीछे के स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर को लाइन क्लियर देगा जिसकी पुष्टि वह ब्लॉक टेलीफोन पर करेगा और अपने डायरेक्शन स्विच को आर. स्थिति में घुमाएगा। टी.सी. एफ. इंडीकेटर में सफेद बत्ती दिखाई देगी और ऐसा ही संकेत भेजने वाले स्टेशन पर टी.जी.टी. इंडीकेटर में दिखाई देगा। तब भेजने वाला स्टेशन मास्टर अपने अंतिम रोक सिगनल को ऑफ कर सकता है।

(आ) जिस स्टेशन को जा रही गाड़ी है (ट्रेन गोइंग टू): पैनल से यह सुनिश्चित करने के बाद कि "लाइन क्लियर है" ड्यूटी पर स्टेशन मास्टर दूसरे सिरे से ब्लॉक टेलीफोन पर प्राइवेट नंबर द्वारा पुष्टि सहित लाइन क्लियर प्राप्त करेगा। उसे यह भी देखना चाहिए कि उसका डायरेक्शन स्विच एन स्थिति में है। प्राप्त करने वाले सिरे द्वारा अपने डायरेक्शन स्विच को एन से आर स्थिति में घुमाने के बाद टी.जी.टी इंडीकेटर में सफेद बत्ती जलेगी जो इस बात की घोतक होगी कि प्राप्त करने वाले सिरे द्वारा लाइन क्लियर दे दिया गया है। इसके बाद स्टेशन मास्टर अपने अंतिम रोक सिगनल को 'ऑफ' कर सकता है।

(i) गाड़ी का ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश : जब गाड़ी अंतिम रोक सिगनल को पार कर ले और ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश कर ले तो अंतिम रोक सिगनल वापस 'ऑन' स्थिति में आ जाएगा और क्रमशः भेजने वाले और प्राप्त करने वाले सिरों के 'टी.जी.टी.' और ' टी.सी. एफ. दोनों डायरेक्शनल इंडीकेटरों की सफेद बत्ती लाल हो जाएगी जो इस बात की घोतक होगी कि ब्लॉक सेक्शन अवरुद्ध है।

प्राप्त करने वाले सिरे पर ज्योंही गाड़ी ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करेगी, एक बजर बजेगा। प्राप्त करने वाले सिरे पर ड्यूटी पर स्टेशन मास्टर 'पावती बटन' को दबायेगा। जिससे बजर बंद हो जाएगा।

(ii) गाड़ी का ब्लॉक सेक्शन से बाहर होना : जब प्राप्त करने वाले सिरे पर संपूर्ण गाड़ी पहुंच जाए और ब्लॉक सेक्शन क्लियर हो जाए तो टी.सी.एफ इंडीकेटर में सफेद बत्ती पुन: दिखाई देगी जो इस बात की सूचक होगी कि संपूर्ण गाड़ी पहुंच गई है और ब्लॉक सेक्शन क्लियर है। भेजने वाले स्टेशन पर टी.जी.टी. इंडीकेटर में लालबत्ती दिखाई देती रहेगी।

प्राप्त करने वाले सिरे पर ड्यूटी पर स्टेशन मास्टर संबंधित सेक्शन के क्लियरेंस के संबंध में संकेत (इंडीकेशन) को देखकर गाड़ी का संपूर्ण आगमन सुनिश्चित करने के बाद भेजने वाले सिरे पर ड्यूटी के स्टेशन मास्टर को सूचित करेगा कि संपूर्ण गाड़ी पहुंच गई है और तब लाइन को बंद किया जाएगा। इसके बाद प्राप्त करने वाले सिरे पर ड्यूटी का स्टेशन मास्टर डायरेक्शन स्विच को आर से 'एन' स्थिति में घुमाएगा। जिससे उसके 'टी.जी.टी.' इंडीकेटर में लाल बत्ती जल जाएगी और टी.सी.एफ इंडीकेटर की सफेद बत्ती बुझ जाएगी।

लाइन बंद होने की स्थिति में दोनों सिरों पर ' टी.जी.टी. इंडीकेटर में लाल बत्ती जलेगी।

(ख) पुश बटन के माध्यम से: ब्लॉक संचालन पैनल पर निम्नलिखित पुश बटन और इंडीकेटर लगे होते हैं:-

(I) 'टी.जी.टी' बटन
(II) टी.सी.एफ बटन
(III) ग्रुप बटन (जी.एन./ जी.ई. एन.)
(IV) रद्दीकरण बटन
(V) 'ए.पी.पी.' पावती बटन

(VI) 'टी.जी. टी.' डायरेक्शन इंडीकेटर

(VII) ' टी.सी.एफ' डायरेक्शन इंडीकेटर

(VIII) ब्लॉक ट्रैक इंडीकेटर (वीटीकेई)

(IX) स्लॉट इंडीकेटर (वाई.के.ई)

(अ) से गाड़ी आ रही : लेने वाले सिरे का डयूटी पर स्टेशन मास्टर लाइन क्लियर देने के लिए ब्लॉक संचालन पैनल पर ब्लॉक ट्रैक इंडीकेटर बी.टी.के.ई से पहले यह सुनिश्चित करेगा कि ब्लॉक सेक्शन क्लियर है। तब वह पीछे के स्टेशन पर डयूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर को लाइन क्लियर देगा और उसकी पुष्टि ब्लॉक टेलीफोन पर प्राइवेट नंबर द्वारा करेगा तथा ग्रुप बटन के साथ अपना टी.सी.एफ बटन दबायेगा। टी.सी.एफ डायरेक्शन इंडीकेटर में सफेद बत्ती दिखाई देगी। पिछले ब्लॉक स्टेशन पर ब्लॉक संचालन पैनल पर लगे स्लाट इंडीकेटर में सफेद बत्ती दिखाई देगी। पिछले ब्लॉक स्टेशन पर ब्लॉक संचालन पैनल पर लगे स्लाट इंडीकेटर बाई.के.ई में सफेद बत्ती दिखाई देगी।

(आ) **को गाड़ी जा रही: ब्लॉक** संचालन पैनल से यह सुनिश्चित करने के बाद कि ब्लॉक सेक्शन क्लियर है, भेजने वाले सिरे का डयूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर ब्लॉक टेलीफोन पर दूसरे सिरे के स्टेशन मास्टर से लाइन क्लियर प्राइवेट नंबर के आदान-प्रदान के साथ प्राप्त करेगा ।

भेजने वाले सिरे पर ड्यूटि पर स्टेशन मास्टर स्लॉट इंडीकेशन “YKE” पर उपलब्ध सफेद लाइट का इंडीकेशन मिलने के बाद ग्रुप बटन के साथ अपना “टीजीटी” बटन दबायेगा, जिससे “टीजीटी” डायरेक्शन इंडीकेशन सफेद लाइट में प्रकाशित हो जाएगा, जो इस बात की सूचक होगी कि प्राप्त करने वाले सिरे द्वारा लाइन क्लियर दे दिया गया है। तब भेजने वाले सिरे का स्टेशन मास्टर अपने अंतिम रोक सिगनल को “ऑफ” कर सकता है।

(i) **गाड़ी का ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश**: गाड़ी के अंतिम रोक सिगनल को पार करने और ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करने पर अंतिम रोक सिगनल वापस 'ऑन स्थिति में आ जायेगा और क्रमशः भेजने वाले तथा प्राप्त करने वाले दोनों सिरों के डायरेक्शन इंडीकेटर क्रमशः टी.जी.टी. और टी.सी.एफ और भेजने वाले तथा प्राप्त करने वाले दोनों सिरों पर ब्लॉक ट्रैक इंडीकेटर (बी.टी.के.ई) लाल हो जाएगी जो इस बात की सूचक होगी कि ब्लॉक सेक्शन अवरुद्ध हो गया है। भेजने वाले सिरे पर स्लॉट इंडीकेटर की सफेद बत्ती बुझ जाएगी।

प्राप्त करने वाले सिरे पर ज्योंहि गाड़ी ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करेगी बजर बज उठेगा। प्राप्त करने वाले सिरे पर स्टेशन मास्टर अपने आगमन पावती बटन को दबाएगा जिससे बजर बंद हो जाएगा।

(ii) **गाड़ी ब्लॉक सेक्शन से बाहर**: जब प्राप्त करने वाले सिरे पर संपूर्ण गाड़ी पहुंच जाए और ब्लॉक सेक्शन को क्लियर कर दे तो क्रमशः प्राप्त करने वाले और भेजने वाले सिरे पर टी.सी.एफ और टी.जी.टी. डायरेक्शन इंडीकेटर गाड़ी के पीछे सभी सिगनलों के खतरे की स्थिति में हो जाने के बाद ही स्वतः बुझ जाएंगे। दोनों सिरों पर ब्लॉक ट्रैक इंडीकेटर (बी.टी.के.ई) लाल से सफेद हो जाएंगे जो इस बात के सूचक होंगे कि ब्लॉक सेक्शन क्लियर है।

5.6 लाइन क्लियर रद्द करना (कैसिंल करना):-

(क) **जिस सेक्शन पर डायरेक्शन स्विच के माध्यम से लाइन क्लियर कार्य चालन होता है**:-

अ. भेजने वाले स्टेशन द्वारा:-

(i) भेजने वाले स्टेशन पर यदि प्रस्थान सिगनल ऑफ किए गए हों तो डयूटी का स्टेशन मास्टर उन्हें वापस ऑन स्थिति में करेगा। कांटे को तबतक नहीं बदला जायेगा जब तक चालक को यह चेतावनी न दे दी

गई हो कि उसकी गाड़ी रोकी की जा रही है। इसके बाद वह प्राप्ति करने वाले सिरे पर ड्यूटी के स्टेशन मास्टर को लाइन क्लियर रद्द करने के लिए सूचित करेगा और प्राइवेट नंबर का आदान-प्रदान करेगा।

(ii) तब प्राप्त करने वाले सिरे पर ड्यूटी का स्टेशन मास्टर अपने डायरेक्शन स्विच को 'एन' स्थिति में घुमायेगा लाइन क्लियर रद्दीकरण काउंटर के नीचे लगे जेडएन बटन को दबायेगा और बटन को तब तक दबाये रखेगा जब तक काउंटर में अगली उच्च संख्या दर्ज नहीं हो जाती।

इसके बाद जेड एन बटन रिलीज किया जा सकता है। दोनों स्टेशनों पर टी.जी.टी. इंडीकेटर में लाल बत्ती दिखाई देगी।

आ. प्राप्त करने वाला स्टेशन द्वारा:

यदि जिस स्टेशन से लाइन क्लियर दिया था, उसके द्वारा लाइन क्लियर रद्द किया जाना हो तो वह तत्काल उपर्युक्त (अ) (ii) के अनुसार कार्यवाही करेगा। इससे भेजने वाले स्टेशन का अंतिम रोक सिगनल वापस ऑन हो जाएगा यदि गाड़ी तब तक वहां से नहीं गुजरी, यदि बजर नहीं बजा है और उसके टी.सी.एफ' इंडीकेटर का सफेद संकेत बदलकर लाल नहीं हो गया है। वह अपनी कार्रवाई की पुष्टि के लिए प्राइवेट नंबर का आदान-प्रदान करेगा।

यदि गाड़ी ब्लॉक सेक्शन में पहले ही प्रवेश कर चुकी हो तो लाइन क्लियर को रद्द करना संभव नहीं होगा।

(ख) जिस सेक्शन पर पुश बटन के माध्यम से लाइन क्लियर का संचालन होता है:-

(अ) भेजने वाले स्टेशन द्वारा:-

(i) भेजने वाले स्टेशन पर यदि प्रस्थान सिगनल ऑफ किए गए हों तो ड्यूटी का स्टेशन मास्टर उन्हें वापस ऑन स्थिति में करेगा। कांटे को तब तक नहीं बदला जायेगा जब तक चालक को यह चेतावनी न दे दी गई हो कि उसकी गाड़ी रोकी जा रही है। इसके बाद वह प्राप्ति करने वाले सिरे पर ड्यूटी के स्टेशन मास्टर को लाइन क्लियर रद्द करने के लिए सूचित करेगा और प्राइवेट नंबर का आदान-प्रदान करेगा।

(ii) तब प्राप्त करने वाले सिरे का ड्यूटी पर स्टेशन मास्टर अपने लाइन क्लियर कैन्सिलेशन बजन (सी.एन.) को लाइन क्लियर रद्दीकरण काउंटर के नीचे लगे ग्रुप बटन के साथ दबायेगा और बटनों को तब तक दबाये रखेगा जब तक काउंटर में अगली उच्च संख्या दर्ज नहीं हो जाती। तब कैन्सिलेशन बटन एवं ग्रुप बटन रिलीज किया जा सकता है। भेजने वाले एवं प्राप्त करनेवाले सिरे के स्टेशनों पर क्रमशः टी.जी.टी. व टी.सी.एफ. संकेत दोनों सिरों पर रद्दीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने के 120 सेकेण्ड पश्चात बुझ जायेंगे जो इस का संकेत होगा कि लाइन क्लियर को निरस्त कर दिया गया है।

(आ) प्राप्त करने वाले स्टेशन द्वारा:

यदि जिस स्टेशन से लाइन क्लियर दिया था उसके द्वारा लाइन क्लियर रद्द किया जाना हो तो प्राप्त करने वाले स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर तत्काल उपर्युक्त (अ) (ii) के अनुसार कार्यवाही करेगा। इससे भेजने वाले स्टेशन का अंतिम रोक सिगनल वापस ऑन हो जायेगा यदि गाड़ी तब तक वहां से नहीं गुजरी, यदि बजर नहीं बजा है और उसके टी.सी.एफ. इंडीकेटर का सफेद संकेत बदलकर लाल नहीं हो गया है। वह अपनी कार्रवाई की पुष्टि के लिए प्राइवेट नंबर का आदान-प्रदान करेगा।

यदि गाड़ी ब्लॉक सेक्शन में पहले से ही प्रवेश कर चुकी हो तो लाइन क्लियर को रद्द करना संभव नहीं होगा जो डायरेक्शन इंडीकेटर और बी.टी.के.ई पर दिखाई देगा।

(इ) गाड़ी का विभाजन:

ब्लॉक सेक्शन के बीच में गाड़ी के विभाजित होने की स्थिति में और उसके फलस्वरूप जब तक समूची विभाजित गाड़ी प्राप्त करने वाले स्टेशन पर नहीं पहुंच जाती तब तक यथा स्थिति संबंधित ब्लॉक ट्रैक इंडीकेटर बी.टी.के.ई और संबंधित तीर के निशाने वाली बत्ती संकेतक (टी.जी.टी.) या टी.सी.एफ जैसी भी स्थिति हो, प्राप्त करने वाले और भेजने वाले स्टेशन दोनों स्टेशन पर लाल संकेत दिखाई देता रहेगा। ड्यूटी पर उपस्थित स्टे. मास्टर रूट सेट करेगा और डीएफ़सीआर-जीआर में दिए गए गाड़ी के विभाजन से संबंधित

नियमों / पैरों के अनुसार कार्य करेगा। एक्सेल काउंटर को पुन: सेट करने के लिए स्टेशन संचालन नियमों में निर्धारित प्रक्रिया अपनायी जायेगी।

(ई) ब्लॉक सेक्शन में शंटिंग:

डयूटी पर उपस्थित स्टे. मास्टर इकहरी लाइन कार्य संचालन के लिए डीएफ़सीआर-जीआर में लागू साधारण तथा सहायक नियम में दिए गए नियमों के अनुसार ब्लॉक सेक्शन में शंटिंग की अनुमति देगा। यदि समूचा लोड प्रारंभिक स्टेशन पर लौट आता है तो एक्सेल काउंटर विफल नहीं होगा। ब्लॉक ट्रैक/ इंडीकेटर बी.टी.के.ई जिसमें शंटिंग लोड के ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करने पर लाल संकेत दिखाई दे रहा था, अब उसका संकेत बदलकर सफेद हो जाएगा जो ब्लॉक सेक्शन के क्लियर होने का सूचक होगा। यदि शंटिंग लोड का / के कोई भी माल डिब्बा / माल डिब्बे ब्लॉक सेक्शन में रह जाते हैं तो एक्सेल काउंटर विफल हो जायेगा और ब्लॉक सेक्शन में 'लाल' संकेत दिखाई देता रहेगा।

5.7 दोहरी लाइन के मामले में लाइन क्लियर संचालन:-

(क) **भेजने वाले स्टेशन पर**: यह सुनिश्चित करने के बाद कि ब्लॉक सेक्शन ट्रैक क्लियर है, यदि गाड़ी को चलाना है, ड्यूटि पर तैनात स्टेशन मास्टर ब्लॉक टेलिफोन के माध्यम से अगले स्टेशन के स्टेशन मास्टर से लाइन क्लियर लेगा। अगले स्टेशन का स्टेशन मास्टर लाइन क्लियर के लिए प्राइवेट नंबर देने से पहले यह भी सुनिश्चित करेगा कि ब्लॉक सेक्शन ट्रैक इंडिकेटर क्लियर है।

(ख) **प्राप्त करने वाले स्टेशन पर**: किसी आने वाली गाड़ी के लाइन क्लियर इनक्वारी प्राप्त होने के बाद ड्यूटि पर तैनात स्टेशन मास्टर यह सुनिश्चित कर लेंगे कि संबन्धित ब्लॉक सेक्शन साफ है। इसके पश्चात वह डीएफ़सीआर-जीआर में वर्णित नियमों के तहत लाइन क्लियर प्राइवेट नंबर के आदान प्रदान के साथ देंगे।

जैसे ही गाड़ी ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करती है, ब्लॉक सेक्शन रेल पथ संकेतक (ट्रैक इंडीकेटर) की सफेद बत्ती लाल बत्ती में बदल जाएगी और डयूटी के स्टेशन मास्टर का ध्यान आकर्षित करने के लिए बजर बजने लगेगा। बजर जब तक बजता रहेगा जब तक पैनल पर लगे 'स्वीकृति बटन' को दबाकर उसकी स्वीकृति नहीं दे दी जाती।

5.8 दिशा संकेतक या रेल पथ सर्किट / एक्सेल काउंटर की विफलता:-

(क) यदि किसी एक सिरे के दिशा संकेतक में रोशनी न जले तो वहां डयूटी का स्टेशन मास्टर दूसरे सिरे से पूछताछ करेगा कि क्या उस सिरे का दिशा संकेतक सही संकेत दे रहा है। यदि ऐसा हो तो वह प्राइवेट नंबरों के आदान-प्रदान द्वारा इसकी पुष्टि करेगा और सामान्य संचालन जारी रखेगा।

(ख) यदि दोनों ही दिशा संकेतकों में रोशनी न हो तो ब्लॉक पैनल को खराब मान लिया जायेगा भेजने वाले स्टेशन पर डयूटी का स्टेशन मास्टर दोहरी लाइन पर प्राप्त लाइन क्लियर प्राइवेट नंबर के पृष्ठांकन के साथ अंतिम रोक सिगनल के लिए फॉर्म नंबर 12 {नियम संख्या 212(1) (ग) } जारी करेगा, और इकहरी लाइन पर प्राप्त लाइन क्लियर प्राइवेट नंबर के पृष्ठांकन के साथ अंतिम रोक सिगनल के लिए पेपर लाइन क्लियर टिकट जारी किया जाएगा।

(ग) यदि ब्लॉक सेक्शन रेल पथ सर्किट / एक्सेल काउंटर खराब हो जाए (जिसका संकेत इकहरी लाइन पर दिशा संकेतक में निरंतर लाल रोशनी से मिलेगा) या यदि पैनल पर गलत संकेत दिखाई दे तो इकहरी लाइन के मामले में पेपर लाइन क्लियर संचालन चालू किया जायेगा, और दोहरी लाइन के लिए लाइन क्लियर प्राइवेट नंबर प्राप्ति का उल्लेख के साथ फॉर्म-12 {नियम संख्या 212(1) (ग) } जारी किया जाएगा।

ब्लॉक सेक्शन रेल पथ सर्किट / एक्सेल काउंटर खराब हो जाने की स्थिति में गाड़ी गुजर जाने के बाद लाइन तब तक बंद नहीं की जाएगी जब तक डयूटी के स्टेशन मास्टर ने पिछली बत्ती (टेल लैंप) या उसकी

जगह कोई अन्य अधिकृत विकल्प स्वयं देखकर यह सुनिश्चित न कर लिया हो कि गाड़ी पूरी पहुंच गयी है। वह प्राइवेट नंबर द्वारा इसकी पुष्टि करेगा।

5.9 अंतिम वाहन की जांच (लास्ट वेहिकल चेक):-

यदि, संपूर्ण ब्लॉक सेक्शन पर एक्सल काउंटर की व्यवस्था नहीं हो और कोई एसएसडीएसी/एचए-एसएसडीएसी उपलब्ध नहीं हो, जिससे अंतिम वाहन का सत्यापन हो सके, तो, अंतिम वाहन का सत्यापन प्रत्येक गाड़ी के लिए मौजूद नियमानुसार मैनुअली अथवा किसी अन्य उपयुक्त माध्यम से किया जाएगा।

****

अध्याय - VI

एक्सल काउंटर की रीसेटिंग

6.1 आटोमैटिक ब्लॉक सेक्शन में एक्सल काउंटर की रीसेटिंग:

6.2 आटो-रीसेटिंग का प्रावधान:

जब कभी आटोमैटिक ब्लॉक सेक्शन में गाड़ी डिटेक्शन/ट्रैक वेकेंसी डिटेक्शन सिस्टम के अंतर्गत एक मेन और सुपरवाइजरी एक्सल काउंटर सिस्टम का संयुक्त रूप से प्रावधान होता है।

क. यदि एक मेन एक्सल काउंटर वाला ट्रैक सेक्शन विफल हो जाता है और इसका समकक्ष सुपरवाइजरी एक्सल काउंटर वाला ट्रैक सेक्शन ठीक काम करता रहता है, तो सुपरवाइजरी एक्सल काउंटर सिस्टम स्वतः विफल हुए मेन एक्सल काउंटर वाले ट्रैक सेक्शन को रीसेट कर देता है। आटो रीसेट के बाद, मेन एक्सल काउंटर सिस्टम "प्रीप्रेटरी रीसेट" मोड में आ जाता है ।

ख. मेन एक्सल काउंटर सिस्टम "प्रीप्रेटरी रीसेट" होने के बाद पहली गाड़ी अगले आटोमैटिक सिगनल तक निर्धारित प्रतिबंधित गति में चलेगी। पहली गाड़ी के समुचित इन-काउंट और आउट-काउंट के साथ प्रभावित मेन ट्रैक सेक्शन से गुजरने के बाद, मेन एक्सल काउंटर सिस्टम की सामान्य कार्यप्रणाली वापस शुरू हो जाएगी और आटो सिगनल पूर्वत कार्य करने लगेगा।

ग. यदि एक सुपरवाइजरी एक्सल काउंटर ट्रैक सेक्शन विफल हो जाता है और इसका समकक्ष मेन एक्सल काउंटर वाला ट्रैक सेक्शन ठीक काम करता रहता है, तो विफल हुआ सुपरवाइजरी ट्रैक सेक्शन आटो रीसेट हो जाएगा। आटो रीसेट के बाद, सुपरवाइजरी एक्सल काउंटर सिस्टम "प्रीप्रेटरी रीसेट" मोड में आ जाएगा।

6.3 मैनुअल रीसेटिंग का प्रावधान:

ऐसा मामला भी हो सकता है जहां, भले ही सुपरवाइजरी/मेन एक्सल काउंटर सिस्टम सही हालत में हो, उसके समकक्ष विफल हुए मेन/सुपरवाइजरी ट्रैक सेक्शन को आटो रीसेट करना संभव नहीं हो पाता। साथ ही, ऐसी भी मामला हो सकता है कि जहां मेन और इसके समकक्ष दोनों सुपरवाइजरी ट्रैक सेक्शन विफल हो जाते हों।

ऐसे मामलों में, पूरा ट्रैक सेक्शन के साथ सुपरवाइजरी ट्रैक सेक्शन किसी एक विशेष दिशा की मैनुअल रीसेटिंग समीपवर्ती स्टेशनों के स्टेशन मास्टर द्वारा आपसी सहयोग से किया जाएगा अर्थात् सहयोग के द्वारा प्रीप्रेटरी रीसेट का कार्य संपूर्ण ब्लॉक सेक्शन से गाड़ियों को क्लियर करने के बाद किया जाएगा।

6.4 एब्सोल्यूट ब्लॉक सेक्शन में एक्सल काउंटर की रीसेटिंग:

यदि डीएसी की विफलता होती है, तो "प्रीप्रेटरी रीसेट" को अपनाया जाएगा। इसका तात्पर्य है कि यह पुष्टि कर लेने के बाद कि ब्लॉक सेक्शन में कोई गाड़ी नहीं है, एक्सल काउंटर रीसेटिंग का कार्य ब्लॉक सेक्शन के दोनों ओर के स्टेशन मास्टरों द्वारा स्वतंत्र रूप से किया जाएगा और रीसेट के बाद पहली गाड़ी ब्लॉक सेक्शन में पेपर प्राधिकार के साथ प्रवेश करेगी। जैसे ही पहली गाड़ी ब्लॉक सेक्शन को पूरी तरह एक ओर समुचित इन-काउंट के साथ तथा दूसरी ओर आउट-काउंट के साथ क्लियर करती है, तो एक्सल काउंटर सेक्शन सामान्य हो जाएगा।

6.5 एब्सोल्यूट ब्लॉक/स्लॉट सिस्टम पर भारतीय रेलवे की कार्यप्रणाली से जुड़ी रेल लाइनों पर एक्सल काउंटरों की रीसेटिंग:

यदि डीएसी की विफलता होती है, तो "प्रीप्रेटरी रीसेट" को अपनाया जाएगा। इसका तात्पर्य है कि यह पुष्टि कर लेने के बाद कि ब्लॉक सेक्शन में कोई गाड़ी नहीं है, एक्सल काउंटर रीसेटिंग का कार्य ब्लॉक सेक्शन के दोनों ओर के

स्टेशन मास्टरों द्वारा स्वतंत्र रूप से किया जाएगा और रीसेट के बाद पहली गाड़ी ब्लॉक सेक्शन में पेपर पर जारी प्राधिकार के साथ प्रवेश करेगी। जैसे ही पहली गाड़ी ब्लॉक सेक्शन को पूरी तरह एक ओर समुचित इन-काउंट के साथ तथा दूसरी ओर आउट-काउंट के साथ क्लियर करती है, तो एक्सल काउंटर सेक्शन सामान्य हो जाएगा।

टिप्पणी:

एक्सल काउंटर की रीसेटिंग के लिए विस्तृत प्रक्रिया को स्टेशनों के स्टेशन संचालन नियमों में शामिल किया जाना चाहिए।

परिशिष्ट

ट्रेन परिचालन से संबन्धित प्राधिकार पत्रों की सूची

फार्म संख्या	नियम संख्या	परिचालन से संबन्धित प्राधिकार का विवरण	रंग
1.	65(क)	वियोजन/संयोजन सूचना	काला
2.	97(2)(क)	पेपर लाइन क्लियर टिकिट	नीला
3.	103(2) (ख)	शंटिंग ऑर्डर	नीला
4.	117(6)	सिगनलों के लम्बी अवधि से खराबी के दौरान स्वचालित ब्लॉक प्रणाली में प्रस्थान के लिए प्राधिकार	लाल
5.	136(2)(ख)	अवरोधित लाइन पर गाड़ी लेने का प्राधिकार	नीला
6.	137(1)(घ)	सिगनल रहित लाइन पर गाड़ी लेने का प्राधिकार	नीला
7.	138(1)(ख)	सिगनल रहित लाइन से प्रस्थान करने के लिए प्राधिकार या कॉमन प्रस्थान सिगनल वाली लाइन से प्रस्थान करने के लिए प्राधिकार	नीला
8.	155(1)	सतर्कता आदेश	हरा
9.	155(6)	कुछ नहीं सतर्कता आदेश	हरा
10.	211(3) (क)	------------स्टेशन पर खराब आगमन सिगनलों को ऑन स्थिति में पार करने के लिए अग्रिम प्राधिकार	नीला
11.	211(3)(ख)	ऑन या खराब आगमन सिगनलों को पार करने के लिए प्राधिकार	नीला
12.	212(1)(ग)	ऑन या खराब प्रस्थान सिगनलों को पार करने के लिए प्राधिकार	नीला
13.	218(2)	दोहरी लाइन खंड पर अस्थाई रूप से इकहरी लाइन लागू करने के लिए संदेशों के आदान प्रदान	काला
14.	218(4)(ङ)	दोहरी लाइन पर अस्थाई रूप से इकहरी लाइन संचालन के लिए प्राधिकार	लाल
15.	218(5)(ख)	अनुगामी गाड़ी पद्धति	लाल
16.	218(10)	दोहरी लाइन पर अस्थाई इकहरी लाइन संचालन करते समय आने वाली गाड़ी को गलत लाइन पर लेने के लिए प्राधिकार	लाल
17.	218(11) (ग)	अस्थाई इकहरी लाइन पर काम करने के बाद सामान्य कार्य संचालन के लिए सन्देश का आदान प्रदान	काला
18.	227(6)	अवरोधित ब्लॉक सेक्शन में सहायता इंजन /गाड़ी भेजने हेतु बिना लाइन क्लियर का प्रस्थान प्राधिकार	लाल
19.	257(घ)	मोटर ट्रॉली अनुज्ञा पत्र	नीला
20.	259(1)	पूर्ण ब्लॉक में * मोटर ट्रॉली /लॉरी/ रेल डॉली इत्यादि का कार्य	नीला

****

जारी संशोधन पर्चियों का विवरण

संशोधन पर्ची		पृष्ठ संख्या	अध्याय संख्या	नियम संख्या संशोधित	विवरण
सं.	दिनांक				